वर्ष-14 - अंक 124
पृष्ठ-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
बुधवार, 12 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एवं अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर ..................... 3
अफसरों जिम्मेदार ठहराने से होगा समस्याओं का समाधान.............. 4
ब्रह्मपुत्र नहीं, नागालैंड की असामान्य बारिश बनी असम की जुलाई बाढ़ ................ 08

# भारत-अमेरिका स्पेस सहयोग को नई उड़ान

## नासा ने इसरो को मून बेस प्रोग्राम में दिया न्योता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-अमेरिका सिविल स्पेस जॉइंट वर्किंग ग्रुप (सीएसजेडब्ल्यूजी) की 9वीं बैठक भारत ने आयोजित की। इस बैठक का आयोजन 5-6 अगस्त 2026 को बेंगलुरु में इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के हेडक्वार्टर में किया गया था। इसरो के चेयरमैन/स्पेस विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने ओपनिंग सेगमेंट में बात की और द्विपक्षीय स्पेस सहयोग को और मजबूत करने की अहमियत पर जोर दिया। बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'नासा ने इसरो को अपने मून बेस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, जिससे अमेरिका-भारत डीप स्पेस पार्टनरशिप और गहरी होगी। यह खबर तब आई जब स्टेट डिपार्टमेंट और नासा ने बेंगलुरु में 9वें सिविल स्पेस जॉइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक को साझा किया, जिससे अमेरिका-भारत की पहल को आगे बढ़ाया गया।' बैठक को भारत की तरफ से इसरो के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर के डायरेक्टर मिस्टर एम. शंकरन ने और अमेरिका की तरफ से ओशन्स और अमेरिका के महासागर और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण एवं वैज्ञानिक मामलों के ब्यूरो के वर्तमान सहायक विदेश सचिव डॉ. वेस्ली ब्रूक्स और इंटरनेशनल और इंटरएजेंसी रिलेशंस के लिए नासा एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर मिस कैथलीन कारिका ने सहअध्यक्षता की। इस बैठक में अमेरिका-भारत ट्रांसफॉर्मिंग द रिलेशनशिप यूटिलाइजिंग स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी (टीआरयूएसटी) पहल के तहत नागरिक और वाणिज्यिक अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा फरवरी 2025 में जारी संयुक्त नेताओं के बयान के अनुरूप था। दोनों पक्षों ने पिछले साल संयुक्त नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (एनआईएसएआर) मिशन की सफल लॉन्च के बाद सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही, भविष्य में विज्ञान और मानव अंतरिक्ष उड़ान तकनीक में सहयोग की संभावनाओं पर भी बात हुई। उन्होंने बाहरी अंतरिक्ष गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता पर संयुक्त राष्ट्र बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग संबंधी समिति (सीओपीयूओएस) के दिशानिर्देशों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही समिति की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए चल रहे बहुपक्षीय प्रयासों की भी समीक्षा की। नासा ने इसरो को अपने मून बेस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए इनवाइट किया, जो आर्टेमिस अकॉर्ड्स के तहत दोनों देशों की साझेदारी को आगे बढ़ाएगा। दोनों पक्ष अकॉर्ड्स के तहत ओपन साइंटिफिक डेटा शेयरिंग पर सहयोग के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए।



**इसरो के चेयरमैन/स्पेस विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने ओपनिंग सेगमेंट में बात की और द्विपक्षीय स्पेस सहयोग को और मजबूत करने की अहमियत पर जोर दिया। बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एस' पर लिखा, 'नासा ने इसरो को अपने मून बेस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, जिससे अमेरिका-भारत डीप स्पेस पार्टनरशिप और गहरी होगी।**

# पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को विशेष प्रशिक्षण अभियान शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' के तहत विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू किया है। पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों को ग्रामीण शासन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के साथ उनके नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना है। मंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायतों में महिलाओं की सीमित भागीदारी के पीछे घरेलू जिम्मेदारियां, सामाजिक झिझक और बैठकों में पुरुषों का वर्चस्व जैसे कई कारण हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से महिला जनप्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारियों, पंचायत संचालन और ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से पंचायतों में महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण स्तर पर महिलाओं की आवाज को निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी स्थान मिल सकेगा। राजीव रंजन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा राज्यों



और केंद्र शासित प्रदेशों में ग्राम सभाओं में लोगों की भागीदारी को लेकर किए गए राष्ट्रीय अध्ययन में कई चुनौतियां सामने आई हैं। इनमें आजीविका और रोजगार से जुड़ी बाधाएं, जागरूकता की कमी, कमजोर संचार व्यवस्था तथा शिकायतों पर पर्याप्त कार्रवाई न होना प्रमुख हैं।

इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठकों में अनुपस्थिति, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और ग्राम सभा में उठाए गए मुद्दों पर उचित कार्रवाई या फॉलो-अप नहीं होना भी लोगों की कम भागीदारी के कारणों में शामिल है। मंत्री ने कहा कि ग्राम सभा को अधिक सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह संस्था बनाने के लिए पंचायती राज मंत्रालय की ओर से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनका उद्देश्य ग्राम सभा की कार्यप्रणाली को मजबूत करना और अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके तहत ग्राम सभा बैठकों में सरकार की प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा करने, बैठकों की संख्या बढ़ाने तथा राज्य पंचायती राज अधिनियम के अनुसार न्यूनतम कोरम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। साथ ही ग्राम सभा की बैठकों के लिए नियमित एजेंडा तैयार करने की व्यवस्था भी की जा रही है। सरकार ने ग्राम सभा की बैठक से पहले वार्ड सभा और महिला सभा आयोजित करने पर भी जोर दिया है। इसका उद्देश्य महिलाओं और ग्रामीणों को अपनी समस्याएं तथा सुझाव रखने के लिए अलग और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही बैठकों में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि ग्राम सभा की स्थायी उप-समितियों के गठन और उनके सुचारु संचालन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### टीकाराम जूली ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

**मेड़ता (राजस्थान)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को डांगावास पहुंचकर 2015 के चर्चित हत्याकांड से प्रभावित दलित परिवारों से मुलाकात की। मेघवाल मोहल्ले में पहुंचे जूली ने पीड़ित परिवारों का दुख-दर्द सुना और उन्हें न्याय की लड़ाई में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। विशेष न्यायालय के हालिया फैसले में मामले के आरोपियों के बरी होने के बाद पीड़ित परिवारों में निराशा और आक्रोश के बीच जूली ने कहा कि करीब 11 वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे परिवार इस फैसले से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की जाएगी। टीकाराम जूली ने कहा कि पीड़ित परिवारों ने न्यायालय में गवाही और बयान बदलने से जुड़े आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की जनता और न्याय व्यवस्था के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि यदि सभी आरोपी कानून की नजर में बरी हो गए हैं तो डांगावास के भयावह हत्याकांड को आखिर अंजाम किसने दिया था? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इतने लंबे समय तक न्याय की उम्मीद लगाए बैठे परिवारों को फैसले के बाद गहरा आघात पहुंचा है।

### सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद को कोर्ट ने सुनाई मौत की सजा

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और कई पूर्व अधिकारियों को कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को बताया कि उन्हें विरोधियों को गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में रखने, पूर्व नियोजित हत्या, यातना और मानवता विरोधी अपराधों का दोषी माना गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उनका पद सबसे ऊंचा था, लेकिन उन्होंने उसका मान नहीं रखा और कानून का उल्लंघन किया। सीरियन अरब न्यूज एजेंसी (एसएएनए) ने बताया कि कोर्ट ने बशर अल-असद के ममेरे भाई और दारा शहर में पूर्व राजनीतिक सुरक्षा चीफ, अतेफ नजीब को भी मौत की सजा सुनाई है। पूर्व राष्ट्रपति कोर्ट में मौजूद नहीं थे फिलहाल वो रूस में निर्वासित जीवन बिता रहे हैं। कोर्ट ने 'भगोड़े' लौए अली अल-अली, माहेर हाफिज अल-असद, फहद जस्सम अल-फ्रीज, मोहम्मद अयमान अयूश, कुसे इब्राहिम महयूब, वाफिक सालेह नासिर और तलाल फारेस अल-अयसामी को भी सजा-ए-मौत का फरमान सुनाया। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति असद की सरकार 8 दिसंबर, 2024 को हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और उससे जुड़े आतंकी समूह के हमले के बाद गिर गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई में दखल से किया इनकार

## टीएमसी के तीन बैंक खाते फ्रीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तीन बैंक खातों को फ्रीज करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हालांकि, अदालत ने पार्टी के रोजमर्रा के खर्चों के लिए पहले से लागू अंतरिम व्यवस्था को जारी रखने की अनुमति दी है। खातों के संचालन की निगरानी कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी करेंगे। न्यायमूर्ति एमएम सुंद्रेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ टीएमसी के ममता बनर्जी गुट की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें ईडी द्वारा तीन



एचडीएफसी बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के खिलाफ अंतरिम राहत देने से इनकार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट की ओर से बनाई गई व्यवस्था संतुलित है, क्योंकि इससे पार्टी के दैनिक कामकाज पर रोक नहीं लगती और खातों के संचालन पर न्यायिक निगरानी भी बनी रहती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वह टीएमसी के विभिन्न गुटों के बीच चल रहे विवाद में हस्तक्षेप नहीं कर रही है। अदालत ने पक्षकारों को अपनी आपत्तियां विशेष अधिकारी और कलकत्ता हाई कोर्ट में लंबित मुख्य मामले के समक्ष रखने की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने कहा कि खातों से संबंधित आगे की दलीलें मुख्य याचिका में रखी जा सकती हैं। टीएमसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि फ्रीज किए गए खातों में 400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। उन्होंने दावा किया कि खातों पर रोक के कारण पार्टी कर्मचारियों को वेतन और अन्य भुगतान करने में परेशानी हो रही है। सिब्बल ने सवाल उठाया कि यदि किसी विशेष रकम पर संदेह है तो उससे अधिक राशि वाले पूरे खातों को फ्रीज करना उचित कैसे हो सकता है। वहीं, ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत को बताया कि पार्टी को रोजमर्रा के खर्चों के लिए खातों के संचालन की अनुमति पहले से मिली हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 120 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 9 जुलाई को टीएमसी को तीनों खातों से दैनिक और कानूनी खर्चों के लिए धन निकालने की अनुमति दी थी। इसके लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुब्रत तालुकदार को 30 सितंबर तक विशेष अधिकारी नियुक्त किया गया है। व्यवस्था के तहत पार्टी के दो अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता चेक पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, लेकिन राशि निकालने के लिए विशेष अधिकारी का प्रति-हस्ताक्षर भी आवश्यक होगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य पार्टी के नियमित खर्चों को जारी रखते हुए खातों के लेनदेन पर निगरानी बनाए रखना है।

# दिल्ली में बढ़े स्वाइन फ्लू के मामले, स्वास्थ्य मंत्री बोले-हालात से निपटने की पूरी तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में एच1एन1 इन्फ्लूएंजा (स्वाइन फ्लू) के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। इस साल अब तक 1344 मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल इस अवधि में 229 मामले ही सामने आए थे। इस मामले को लेकर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि मरीज आ रहे हैं और डॉक्टर उनका ठीक से इलाज कर रहे हैं। अस्पतालों में दवाइयों, बेड और वेंटिलेटर की व्यवस्था कर दी गई है। हेल्थकेयर इक्विपमेंट से जुड़े दिल्ली हाई कोर्ट के पहले के फैसले पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मैं इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने के लिए माननीय कोर्ट का धन्यवाद करना चाहता हूं। पिछली सरकार ने कुछ हेल्थकेयर मशीनें खरीदी थीं, जबकि उन्हें चलाने के लिए न तो कोई स्पेशलिस्ट थे और न ही उन्हें इस्तेमाल करने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ था। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली के लोगों के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक स्थिति है। जब से हमारी सरकार सत्ता में आई है, हमने स्टाफ की कमी को दूर किया है और यह पक्का किया है कि जो भी इक्विपमेंट और संसाधन पीछे छूट गए थे और जिनका इस्तेमाल जनता के फायदे के लिए किया जा सकता था, उनका सही ढंग से इस्तेमाल हो, जरूरत पड़ने पर उनकी मरम्मत हो और उन्हें काम में लाया जाए।

# नोएडा के पीजी में 19 वर्षीय युवती की चाकू से हत्या, आरोपी फरार

**नोएडा (एजेंसी)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव स्थित एक पीजी में 19 वर्षीय युवती की चाकू से वार कर हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। युवती का शव उसके कमरे के पास से बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की पहचान महक अहमद (19) के रूप में हुई है। वह मूलरूप से असम की रहने वाली थी और निजी नौकरी की तलाश में नोएडा आई थी। बताया जा रहा है कि वह अपनी एक सहेली के साथ यहां आई थी और बरौला स्थित पीजी में रह रही थी। पुलिस के मुताबिक, 10 अगस्त को बरौला स्थित पीजी के एक कमरे में युवती का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवती के शरीर पर चाकू से कई वार किए जाने की बात सामने आई। उसके गले, पेट समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिले हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फोरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं, जिनके आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# राज्यसभा में अधिकरण सुधार विधेयक 2026 पारित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा ने मंगलवार को (ट्रिब्यूनल) अधिकरण सुधार विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक को सदन में पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अधिकरणों की नियुक्ति प्रक्रिया, सेवा शर्तों, पारदर्शिता, दक्षता और न्यायिक स्वतंत्रता को मजबूत करना है। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विधेयक में राष्ट्रीय अधिकरण आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया है। यह आयोग अधिकरण व्यवस्था के लिए एक स्वतंत्र, पारदर्शी और संस्थागत ढांचा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने



कहा, 'अधिकरण सदस्यों का कार्यकाल और स्पष्ट सेवा शर्तें न्यायिक स्वतंत्रता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए विधेयक में 5 वर्ष के कार्यकाल का प्रावधान रखा गया है, जो निर्धारित ऊपरी आयु सीमा के अधीन होगा।' मंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्रता के लिए अलग से कोई न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। अध्यक्ष और सदस्यों के कार्यकाल, वेतन, भत्ते तथा अन्य सेवा शर्तों को नियमों के माध्यम से विनियमित करने का प्रस्ताव है। मेघवाल ने कहा कि अधिकरण सुधार का उद्देश्य न्याय तक पहुंच आसान बनाना, कारोबार सुगमता बढ़ाना और वैश्विक सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाना है। इससे भारत के कानूनी और संस्थागत ढांचे को मजबूती मिलेगी और समयबद्ध तथा प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अधिकरणों के कामकाज में प्रक्रियागत और प्रशासनिक विविधताओं जैसी चुनौतियां सामने आती रही हैं। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2015 में अधिकरणों के युक्तिकरण की प्रक्रिया शुरू की थी। उन्होंने कहा कि 2021 में सरकार अधिकरण सुधार अध्यादेश और बाद में अधिकरण सुधार अधिनियम लेकर आई। इसके बाद अधिकरणों की संख्या 19 से घटाकर 16 की गई। 2021 के कानून के कुछ प्रावधानों को भी उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई और न्यायिक स्वतंत्रता तथा शक्तियों के पृथक्करण से जुड़े महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए। मेघवाल ने कहा कि 19 नवंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय के फैसले में अधिकरण सदस्यों की नियुक्ति, कार्यकाल और सेवा शर्तों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय अधिकरण आयोग जैसी संस्था की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।

# अमेरिकी राजदूत गोर ने एनएसए डोभाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को और मजबूत एवं व्यापक बनाने के साथ-साथ वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक सहयोग को गहरा करने के मुद्दे पर एनएसए अजीत डोभाल के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ अमेरिका की करीबी साझेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका के कई रणनीतिक लक्ष्य समान हैं और दोनों देशों के बीच आपसी जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। उनकी डोभाल से मुलाकात को दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय संवाद की निरंतरता के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले अमेरिकी राजदूत ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-अमेरिका संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श हुआ। गोर ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताई थी। अमेरिकी राजदूत ने राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत-अमेरिका साझेदारी, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के अवसरों पर चर्चा हुई। गोर ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। सर्जियो गोर ने हाल ही में नेटफ्लिक्स के सह-सीईओ टेड सारंडोस से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने भारत में नेटफ्लिक्स के दस वर्ष पूरे होने पर कंपनी को बधाई दी। उन्होंने भारत में अमेरिकी तकनीक और मनोरंजन उद्योग की बढ़ती भूमिका की सराहना करते हुए रचनात्मक क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। भारत और अमेरिका के बीच हाल के दिनों में उच्चस्तरीय बैठकों का सिलसिला तेज हुआ है। राजदूत गोर की एनएसए डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात को दोनों देशों के बीच रणनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# पीओके में मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में प्रदर्शनकारियों और आम लोगों के खिलाफ कथित हिंसा की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान में मानवाधिकारों का उल्लंघन गंभीर चिंता का विषय है। मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को इन घटनाओं के लिए जवाबदेह ठहराने की अपील की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पड़ोसी देश में होने वाली गतिविधियों पर लगातार करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान में लोगों की मांगों का जवाब कथित तौर पर बल प्रयोग और इंटरनेट बंदी के जरिए दिया जा रहा है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि हालिया हिंसा में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। उन्होंने दावा किया कि अब तक 90 लोगों की मौत हुई है और प्रदर्शनकारियों तथा आम लोगों के साथ ज्यादती की गई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में जिस तरह लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, वह गंभीर मानवाधिकार चिंता का विषय है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने लोगों के साथ हुई कथित हिंसा और उत्पीड़न को देखा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को मानवाधिकारों के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन घटनाओं पर ध्यान देते हुए पाकिस्तान से जवाब मांगना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की के बीच हाल में हुए रक्षा समझौते को लेकर भी भारत का रुख स्पष्ट किया। जायसवाल ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है और किसी भी घटनाक्रम का आकलन भारत की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय शांति और स्थिरता पर उसके संभावित प्रभाव के आधार पर किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**देवरिया।** हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे 19 वर्षीय आरोपित को कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को बजाजी रोड से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। उसके विरुद्ध वर्ष 2024 में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान आदित्य शर्मा उर्फ कान्हा पुत्र राजेश उर्फ पिंटू शर्मा, निवासी आर्य समाज गली, बजाजी रोड, थाना कोतवाली के रूप में हुई है। वह मुकदमे में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उपनिरीक्षक संजय कुमार पाल, हेड कांस्टेबल मोहम्मद मेराज खां और कांस्टेबल सत्यप्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

### तेज रफ्तार पर इंटरसेप्टर की नजर, 202 वाहनों के चालान



**देवरिया।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चले अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 202 वाहनों के चालान किए गए, जबकि चार वाहन सीज किए गए। रोडवेज बस स्टैंड और चिरैयाढाला में बिना हेलमेट, तीन सवारी, दोषपूर्ण नंबर प्लेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। वहीं देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर इंटरसेप्टर वाहन और स्पीड लेजर गन से तेज रफ्तार वाहनों की जांच की गई। शहर में जाम की समस्या रोकने के लिए भटवलिया चौराहा, न्यू कालोनी, साकेत नगर, जलकल मार्ग और कोतवाली मार्ग पर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान किए गए। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग में वाहन खड़ा करने, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने तथा गति सीमा का पालन करने की अपील की।

### स्वतंत्रता दिवस पर होगी पांच किमी बालक और तीन किमी बालिका रेस

**देवरिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय की ओर से 15 अगस्त को देवरिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक-बालिका रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और जिला प्रशासन के निर्देश पर होने वाली प्रतियोगिता में 05 किमी ओपेन बालक और 03 किमी ओपेन बालिका रेस कराई जाएगी। प्रतियोगिता सुबह सात बजे से स्टेडियम की चहारदीवारी के चारों तरफ निर्धारित मार्ग पर होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। दोनों वर्गों में प्रथम छह स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। जिला खेल कार्यालय ने जनपद के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में समय से प्रतिभाग कराने का अनुरोध किया है। खिलाड़ियों का पंजीकरण प्रतियोगिता से पूर्व कराया जाएगा। आयोजन को लेकर जिला खेल कार्यालय की ओर से आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

# पीएचसी खजनी की जर्जर सड़क बनी मुसीबत, मरीजों और तीमारदारों का आवागमन दुश्वार

## बरसात में गड्ढों और कीचड़ से बढ़ी समस्या, जल्द शुरू होगा सड़क निर्माण कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी/गोरखपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क की जर्जर हालत इन दिनों मरीजों और तीमारदारों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क जगह-जगह टूटकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात के बाद इन गड्ढों में पानी और कीचड़ भर जाने से आवागमन और भी मुश्किल हो गया है। अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों के साथ एंबुलेंस और अन्य वाहनों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर मरीज सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। सड़क खराब होने के कारण मरीजों को वाहन से अस्पताल के मुख्य परिसर तक पहुंचाने में परेशानी होती है। कई बार तीमारदारों को मरीजों को स्ट्रेचर या सहारे के साथ खराब रास्ते से पैदल ले जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। कीचड़ और जलभराव के चलते वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। वहीं, गंभीर मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस को भी खराब सड़क के कारण धीमी गति से गुजरना पड़ता है। इससे अस्पताल पहुंचने में अतिरिक्त समय लगने की शिकायत सामने आती रही है।

**निर्माण को मिली स्वीकृति**

स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई है। अस्पताल प्रशासन की ओर से भी सड़क की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सहजनवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप शुक्ला की विधायक निधि से स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण से संबंधित कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराकर पूरा कराने की मांग की है, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों, एंबुलेंस और तीमारदारों को आवागमन में राहत मिल सके।

### अंतर-मंडलीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में देवरिया के छह खिलाड़ी चयनित

**देवरिया।** कुशीनगर में आयोजित मंडलीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले देवरिया के छह खिलाड़ियों का चयन अंतर-मंडलीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 12 और 13 अगस्त को रायबरेली में आयोजित होगी। अंडर-14 वर्ग में इंडियन राउंड के लिए रुखसाना तथा रिकर्व वर्ग में रमजान, मन्नत, इज्जत, सविता और रुकसार चयनित हुए हैं। कंपाउंड वर्ग में कंपोजिट विद्यालय सुरौली के आर्य प्रताप सिंह प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक शमीमा शाहीन और सिकंदर तथा प्रबंधक एलके सिंह व जवाहर सिंह रहेंगे। सभी खिलाड़ियों ने श्रीनेट ग्लोबल स्कूल स्थित संजीव कुमार सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट (एसएसएआईटी) के तत्वावधान में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिला शिक्षा विभाग ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# सिकरीगंज हत्याकांड में पुलिस का बड़ा एक्शन, 8 आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




2024 की हत्या की रंजिश में शिवकुमार त्रिपाठी की हत्या NSA की तैयारी

**गोरखपुर/सिकरीगंज** थाना क्षेत्र में 8 अगस्त 2026 को हुई शिवकुमार त्रिपाठी की हत्या के मामले में एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने बड़ा एक्शन लेते हुए पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, हत्याकांड के पीछे वर्ष 2024 में हुई आदेश चौधरी की हत्या की रंजिश सामने आई है। घटना के संबंध में थाना सिकरीगंज में मु0अ0सं0-217/2026 दर्ज किया गया है।

पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए 7 नामजद आरोपियों में से 6 को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, विवेचना के दौरान प्रकाश में आए 2 अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस तरह अब तक कुल 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।हत्याकांड के बाद एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने बड़ा प्रशासनिक एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी सिकरीगंज अंजुल चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

# सर्पदंश से 22 वर्षीय युवक की मौत, समय पर इलाज न मिलने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर गीडा** थाना क्षेत्र के भरवल गांव में सोमवार की देर रात सर्पदंश से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के स्वजन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सहजनवा में समय से उपचार और आवश्यक एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध नहीं होने का आरोप लगाया है। स्वजन का कहना है कि यदि अस्पताल में तत्काल उपचार मिल जाता तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। घटना को लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार भरवल गांव निवासी जय प्रकाश का 22 वर्षीय पुत्र शिवम सोमवार रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। बताया जा रहा है कि कमरे में पहले से ही एक सर्प बिस्तर में छिपा हुआ था। रात करीब 11 बजे सर्प ने शिवम को डस लिया। सर्पदंश के बाद युवक ने शोर मचाया तो परिवार के लोग तत्काल कमरे में पहुंचे। हालत बिगड़ती देख स्वजन उसे आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा लेकर पहुंचे।

स्वजन का आरोप है कि सीएचसी पहुंचने के बाद काफी समय तक उपचार को लेकर इंतजार करना पड़ा। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से कथित तौर पर बताया गया कि अस्पताल में सर्पदंश की वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। युवक की हालत गंभीर होती देख परिवार के लोग उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। स्वजन ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था और उपचार में कथित देरी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सर्पदंश जैसे आपातकालीन मामले में समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि अस्पताल में तत्काल आवश्यक उपचार और दवा उपलब्ध होती तो शिवम की जान बचने की उम्मीद थी। स्वजन ने मामले की जांच कराने और जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बताया गया कि शिवम अपने परिवार का इकलौता संतान था। उसकी मौत से माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सऊदी अरब से 12 दिन बाद उन्नाव पहुंचा शिवम पाल का शव



**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव निवासी 30 वर्षीय शिवम पाल का पार्थिव शरीर मंगलवार को सऊदी अरब से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचने के बाद उनके पैतृक गांव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग गांव पहुंच गए। शिवम पाल रोजगार के सिलसिले में करीब सात महीने पहले सऊदी अरब गए थे। परिजनों के मुताबिक, वहां बीमारी के चलते 30 जुलाई को अस्पताल में उनका निधन हो गया था। इसके बाद से परिवार शव के भारत आने का इंतजार कर रहा था। शव को भारत लाने के लिए परिजनों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और भारतीय दूतावास से मदद की गुहार लगाई थी। मंगलवार को शिवम का पार्थिव शरीर लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से उसे सुपासी गांव लाया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचा, बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि शिवम परिवार के बेहतर भविष्य के लिए विदेश में मेहनत-मजदूरी कर रहे थे। उनकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के दौरान माहौल बेहद गमगीन रहा और परिजनों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। बाद में ग्रामीणों और परिजनों की मौजूदगी में शिवम पाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# मन्नीपुर में दिखा उदबिलाव, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

## बिल्लियों के शोर के बीच घने पेड़ों में दिखा जंगली जीव, ग्रामीणों में मचा कौतूहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला/गोरखपुर।** नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 14 मन्नीपुर में सोमवार दोपहर घने पेड़ों के बीच एक जंगली जानवर दिखाई देने से ग्रामीणों में कौतूहल मच गया। बिल्लियों के शोर के बीच ग्रामीणों की नजर जब छोटे कद और लंबी पूंछ वाले इस जीव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच के बाद उसे उदविलाव बताया और सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार अपराह्न मन्नीपुर में घने पेड़ों के बीच अचानक बिल्लियों के शोर की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने आसपास जाकर देखा तो पेड़ों के बीच एक जंगली जीव दिखाई दिया। इस दौरान मन्नीपुर निवासी युवा उत्कर्ष शेखर तिवारी, जो वन्यजीवों में रुचि रखते हैं, लाइब्रेरी से लौट रहे थे। उन्होंने भी जीव को देखा और उसे बिल्लियों से सुरक्षित रखने के साथ तत्काल वन क्षेत्राधिकारी शिवजीत सिंह को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में वन दरोगा



मुन्नीलाल और वन विभाग के सिपाही कौशल मौके पर पहुंचे। टीम ने जंगली जीव की पहचान और स्थिति का निरीक्षण किया। जांच के बाद वनकर्मियों ने उसे उदविलाव बताया। इसके बाद टीम ने सावधानीपूर्वक उदविलाव को रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित अपने साथ ले गई। इस दौरान हर्षित तिवारी, अंकित गौड़, मोहित गौड़, विराट मिश्रा, मनीष तिवारी और अमरनाथ तिवारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**जलस्तर बढ़ने पर ऊंचे स्थानों की ओर आते हैं वन्यजीव**

वन क्षेत्राधिकारी शिवजीत सिंह ने बताया कि मन्नीपुर क्षेत्र नदी के तटवर्ती इलाके में आता है। जलस्तर बढ़ने के दौरान कई बार जंगली जीव सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की तलाश में आबादी के आसपास पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि उदविलाव इस क्षेत्र में कभी-कभार दिखाई देता है और इसे असामान्य घटना नहीं माना जा सकता।

**पिछले वर्ष लकड़बग्घे की मौजूदगी से मचा था हड़कंप**

मन्नीपुर और आसपास के गांवों में पिछले वर्ष लकड़बग्घा दिखाई देने के बाद काफी दहशत फैल गई थी। बताया गया कि लकड़बग्घे के हमले में कुछ ग्रामीण घायल भी हुए थे। इसके बाद वन विभाग ने इलाके में व्यापक सर्च अभियान चलाया था, हालांकि लकड़बग्घा पकड़ में नहीं आया था। ग्रामीणों का कहना है कि सरयू तट के आसपास अक्सर विभिन्न प्रकार के जंगली जीव दिखाई देते हैं।

**पानी के आसपास रहता है उदविलाव**

उदविलाव जलस्रोतों के आसपास रहने वाला स्तनधारी वन्यजीव है। इसका शरीर लंबा, पैर छोटे और पूंछ लंबी होती है। यह पानी में तैरने में दक्ष होता है और मुख्य रूप से मछली तथा छोटे जलीय जीवों को भोजन बनाता है। सामान्यतः उदविलाव मनुष्यों से दूरी बनाए रखता है।

# झाड़फूंक का झांसा देकर महिला से सोने की बाली ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा।** गोरखपुर के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के जबरैला विश्खोहर गांव में रविवार को झाड़फूंक के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। भीख मांगने के बहाने घर पहुंची एक महिला ने गृहस्वामिनी को उसके परिवार पर संकट आने का भय दिखाकर अपने झांसे में ले लिया। इसके बाद कथित तौर पर झाड़फूंक करने के नाम पर महिला से सोने की कान की बाली उतरवा ली और मौका मिलते ही जेवर लेकर फरार हो गई। घटना के बाद पीड़िता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के जबरैला विश्खोहर निवासी जयराम यादव की पत्नी प्रमिला देवी रविवार की सुबह करीब 10 बजे अपने घर पर अकेली थीं। इसी दौरान एक अज्ञात महिला भीख मांगने के बहाने उनके घर पहुंची। बातचीत के दौरान महिला ने प्रमिला देवी से कहा कि उनके घर पर किसी तरह का संकट मंडरा रहा है और यदि समय रहते इसका उपाय नहीं किया गया तो परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कथित महिला ने अपनी बातों में उलझाकर प्रमिला देवी को भरोसा दिलाया कि वह झाड़फूंक कर इस संकट को दूर कर सकती है। इसके बाद उसने पूजा-पाठ और झाड़फूंक के नाम पर प्रमिला देवी से उनके कान की सोने की बाली मांग ली। महिला के झांसे में आकर प्रमिला देवी ने अपनी सोने की बाली उसे दे दी। जेवर हाथ लगते ही जालसाज महिला ने पीड़िता को यह भी हिदायत दी कि वह इस बात की जानकारी किसी अन्य व्यक्ति को न दे। इसके बाद किसी बहाने से महिला को घर के अंदर जाने को कहा। प्रमिला देवी जैसे ही घर के अंदर गई, कथित जालसाज महिला जेवर लेकर मौके से फरार हो गई। कुछ देर बाद जब पीड़िता को महिला के गायब होने का पता चला तो उन्होंने आसपास के लोगों को जानकारी दी।

ग्रामीणों के साथ काफी देर तक महिला की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता ने हरपुर बुदहट थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही महिला की पहचान और तलाश में जुटी है। घटना के बाद ग्रामीणों में भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि झाड़फूंक, तंत्र-मंत्र या किसी प्रकार के भय का झांसा देने वाले अजनबियों के बहकावे में न आएं और संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजा देशभक्ति का संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोंडा:** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल के नेतृत्व में ब्लाक कर्मियों की पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई।तिरंगा यात्रा ब्लॉक परिसर बभनजोत से शुरू होकर बाजार के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। हाथों में तिरंगा लेकर ब्लॉक कर्मियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने कहा- '15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लहराना है। यह अभियान देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। सभी से अपील है कि अपने घर, दुकान और प्रतिष्ठान पर गर्व से तिरंगा फहराएं। तिरंगे का सम्मान करें और 13 से 15 अगस्त तक इसे शान से लगाएं। 'उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के निर्देश पर पूरे ब्लॉक क्षेत्र में घर-घर तिरंगा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और अन्य कर्मी गांव-गांव जाकर लोगों को तिरंगा वितरित करेंगे। प्रभात फेरी में मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू हेमंत राव, उदल प्रसाद, वीरेंद्र कुमार वर्मा, देवनारायण वर्मा, कृषि बीज गोदाम प्रभारी विजय कुमार वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को हेल्पलाइन की दी जानकारी

**देवरिया।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। खामपार पुलिस ने भिंगारी बाजार, बनकटा पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग व सोहनपुर बाजार तथा मईल पुलिस ने भागलपुर चौकी क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस टीमों ने सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर भी अभियान चलाया। महिलाओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना देने की अपील की।

# आईजीआरएस में खराब प्रगति पर बीडीओ को फटकार, दो दिन में सुधार नहीं तो होगी बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आईजीआरएस, सीएम डैशबोर्ड, राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों, फैमिली आईडी, स्वामित्व योजना और कृषक दुर्घटना योजना सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की। आईजीआरएस में शिकायतों के निस्तारण की खराब स्थिति और फरियादियों के कम संतुष्टि स्तर पर जिलाधिकारी ने कई खंड विकास अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। गंजमुरादाबाद, सिकंदरपुर कर्ण, सिकंदरपुर सरोसी, सफीपुर, नवाबगंज और फतेहपुर चौरासी के खंड विकास अधिकारियों को चेतावनी देते हुए डीएम ने कहा कि दो दिन के अंदर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को



निर्देश दिए कि आईजीआरएस शिकायतों का महज कागजी निस्तारण न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों से तहसीलवार धारा 34, 24 और 116 से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली। उन्होंने अभियान चलाकर लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही फैमिली आईडी में अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना और कृषक दुर्घटना योजना के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने को कहा। सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में जिले की रैंकिंग नीचे नहीं जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान आबकारी, परिवहन, वन, मंडी और सिंचाई सहित राजस्व वसूली में पिछड़े विभागों के अधिकारियों पर भी नाराजगी जताई गई। डीएम ने लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता से राजस्व वसूली सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी अजेंद्र सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक प्रभात वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा पदयात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा:** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आजादी के पावन महापर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सहरद्धघरद्धतिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को गौरा विधानसभा क्षेत्र के मसकनवां मंडल में भव्य तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। भव्य तिरंगा पदयात्रा डा0 सी0बी0 शुक्ला इंटर कॉलेज, भिखारीपुर से प्रारंभ होकर मसकनवां बाजार (फॉर्म हाउस) तक पहुंची। इसके पश्चात पदयात्रा पुनः डा0 सी0बी0 शुक्ला इंटर कॉलेज, भिखारीपुर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

पदयात्रा के दौरान हाथों में राष्ट्रध्वज और हृदय में भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, युवा, विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। देशभक्ति के नारों



और भारत माता के जयघोष से पूरा क्षेत्र राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो गया। तिरंगे की आन, बान और शान के साथ निकली इस पदयात्रा ने क्षेत्र में एकता, देशभक्ति और राष्ट्रगौरव का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, त्याग, बलिदान और स्वाभिमान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर चल रहा हर- घर- तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करने का जन-अभियान बन चुका है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर प्रत्येक घर में तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट करें। उन्होंने कहा कि आज का युवा और विद्यार्थी वर्ग राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। तिरंगा पदयात्रा में बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रप्रेम और विकसित भारत के संकल्प से समाज का प्रत्येक वर्ग जुड़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू यादव, अभिमन्यु पटेल, राधिका देवी, जितेंद्र पांडेय, लाल बाबू वर्मा, प्रशांत पटेल, कमलेश पांडेय, इरशाद अहमद, विनय वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### संगठन सृजन अभियान से बूथ स्तर पर मजबूत होगा कांग्रेस संगठन

**देवरिया।** जिले के टाउनहाल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने की। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नामित जिला पर्यवेक्षक भईया जी पवार रहे। भईया जी पवार ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर देशभर में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बूथ से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाना है। देवरिया में बूथ, न्याय पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। कार्यकर्ताओं की सक्रियता, निष्ठा, जनसरोकारों से जुड़ाव और संगठन के प्रति समर्पण के आधार पर जिम्मेदारियां तय होंगी। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता का सम्मान संगठन की प्राथमिकता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक इंजीनियर शैलेन्द्र यादव ने कहा कि अभियान केवल पद वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की पहल है। निर्मला पासवान ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## रसमलाई खाने को लेकर खूनी विवाद, भाई ने बड़े भाई और भाभी पर कैंची से किया हमला

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात फ्रिज में रखी रसमलाई खाने को लेकर परिवार में ऐसा विवाद बढ़ा कि मामला मारपीट और लोहे की कैंची से हमले तक पहुंच गया। घटना में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें परिजनों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल शानू के मुताबिक, रविवार रात करीब एक बजे फ्रिज में रखी रसमलाई खाने को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद मारपीट होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान छोटे भाई नूर और उसकी पत्नी फातमा ने शानू और उसकी पत्नी साबरीन पर लोहे की कैंची से हमला कर दिया। हमले में शानू और साबरीन घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद विवाद और हमले की वास्तविक वजह स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। फिलहाल दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# ग्रेटर नोएडा में आईबीईटी एक्सपो-2026 का भव्य शुभारंभ

## बोले ए.के. शर्मा–कचरे को बनाएं ऊर्जा और रोजगार का साधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में मंगलवार को इंडिया बायोएनर्जी-टेक एक्सपो (आईबीईटी एक्सपो)-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने एक्सपो का उद्घाटन करते हुए कहा कि कचरे को समस्या के रूप में देखने के बजाय इसे ऊर्जा, रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर में बदलने की जरूरत है। उन्होंने देश-विदेश से आए निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों से उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आह्वान किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, सीबीजी उत्पादन और रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और निवेश के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि वे उत्तर प्रदेश में कहीं भी अपने संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। प्रदेश में निवेशकों को भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। ए.के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था, गन्ना उत्पादन, कृषि अवशेष, जैविक कचरा और नगरीय ठोस अपशिष्ट बायोएनर्जी उत्पादन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराते हैं। इन संसाधनों का वैज्ञानिक और तकनीकी उपयोग कर स्वच्छ ऊर्जा के साथ किसानों, युवाओं और उद्योगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बायोगैस, सीबीजी, बायोमास और कचरे से ऊर्जा उत्पादन जैसी तकनीकें न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक होंगी, बल्कि कचरा प्रबंधन और चक्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेंगी। कृषि अवशेषों के बेहतर उपयोग से किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ाने और ग्रामीण रोजगार को गति देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वच्छ ऊर्जा, नई तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आईबीईटी एक्सपो जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को वैश्विक निवेशकों के सामने रखने का महत्वपूर्ण मंच हैं। सरकार का लक्ष्य ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ नई ऊर्जा तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी प्रदेश को अग्रणी बनाना है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और अपर मुख्य सचिव ऊर्जा आशीष गोयल ने भी प्रदेश में बायोएनर्जी के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने निवेशकों और तकनीकी संस्थानों से उत्तर प्रदेश में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की। आईबीईटी एक्सपो-2026 का आयोजन 11 से 13 अगस्त तक किया जा रहा है। इसमें 150 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने प्रदर्शनी स्टॉल लगाए हैं। मंत्री ए.के. शर्मा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विभिन्न कंपनियों के बायोएनर्जी, स्वच्छ ऊर्जा, तकनीक और नवाचार से जुड़े उत्पादों एवं समाधानों की जानकारी ली। इस अवसर पर 'भारत बायो एनर्जी कंपास' वेबसाइट का भी शुभारंभ किया गया। यह मंच बायोएनर्जी क्षेत्र से जुड़े निवेशकों, उद्योगों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों को जानकारी एवं निवेश के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होगा। सरकार को उम्मीद है कि एक्सपो के माध्यम से प्रदेश में बायोएनर्जी क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा तथा किसानों की अतिरिक्त आय, ग्रामीण रोजगार, उद्यमिता और स्वच्छ ऊर्जा को नई गति मिलेगी।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**.........भागूखेड़ा गांव के पास हुआ हादसा, सीएचसी से ट्रॉमा सेंटर पीजीआई रेफर; डंपर चालक हिरासत में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भागूखेड़ा गांव के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम भागूखेड़ा के पास डंपर संख्या यूपी32जेडएन3779 ने मोटरसाइकिल संख्या यूपी41बीएम0082 में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बृजेश पुत्र बजरंगबली, निवासी इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मोहनलालगंज भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डंपर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# चोरी की बाइक के साथ शातिर आरोपी गिरफ्तार

**केदारपुर तिराहे के पास चेकिंग के दौरान महमूदाबाद पुलिस ने दबोचा, पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-सीतापुर।** चोरी की मोटरसाइकिल के साथ महमूदाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी, अवैध शस्त्र रखने और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी का चालान न्यायालय भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम मंगलवार को क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान केदारपुर तिराहा, पैतेपुर रोड के पास पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल उर्फ विकास उर्फ छोटू पुत्र पुत्तीलाल, निवासी बिलासपुर कला, थाना महमूदाबाद, सीतापुर के रूप में हुई है। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पुलिस ने बताया कि इसे 8 अगस्त 2026 को रामलीला स्कूल, मोहल्ला फीलखाना, पैतेपुर से चोरी किया गया था। आरोपी के खिलाफ थाना महमूदाबाद में मुकदमा संख्या 308/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ वर्ष 2021 में चोरी और चोरी का माल बरामद होने, आर्म्स एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना महमूदाबाद में 379/411 भादवि, 25(1-बी) आर्म्स एक्ट और 2/3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

**इन पुलिसकर्मियों ने की कार्रवाई**

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय सिंह, कांस्टेबल हरिशंकर सिंह, कांस्टेबल अंकित गोस्वामी, कांस्टेबल मिथुन मिश्रा और कांस्टेबल अनुभव मिश्रा शामिल रहे। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की है।

# कुबहरा से माइनर तक 600 मीटर सड़क के डामरीकरण की मांग, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**.......19 अगस्त को धरने की चेतावनी, डीएम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मिलकर रखेंगे समस्या; बरसात में कीचड़ व जलभराव से बढ़ती है परेशानी ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** कुबहरा गांव से कमलापुर-विचिलखा माइनर तक करीब 600 मीटर लंबे कच्चे मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने मंगलवार को मोहनलालगंज तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि वर्षों से कच्चा पड़ा यह मार्ग बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। किसान प्रतिनिधियों ने एसडीएम से मार्ग का डामरीकरण कराने की मांग की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही वन विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बुलाकर मामले में वार्ता कराई जाएगी और सड़क निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि किसान तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज, खंड विकास अधिकारी मोहनलालगंज, वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस उपायुक्त दक्षिणी को भी मांग पत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि करीब 600 मीटर सड़क का निर्माण होने से आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी। साथ ही किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भी सुविधा होगी।

**19 अगस्त को धरने की चेतावनी**

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मार्ग के डामरीकरण की दिशा में जल्द ठोस कदम नहीं उठाया गया तो 19 अगस्त 2026 को कुबहरा गांव स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र के पास कच्चे मार्ग पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने प्रशासन से संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर भेजकर मार्ग की स्थिति का निरीक्षण कराने की मांग की है।

**डीएम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मिलेंगे**

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि बुधवार को किसानों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी लखनऊ और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगा। प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से 19 अगस्त को मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या और मार्ग की स्थिति देखने तथा जनहित में सड़क का डामरीकरण कराने की कार्रवाई शुरू करने की मांग करेगा। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह लखनऊ, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला महामंत्री रामसिंह, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, राकेश यादव, अरविंद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार, राकेश कुमार, केशवराम, रामकुमार, प्रधान पति नन्हे राम सहित कई किसान और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में डिलीवरी बॉय की मौत

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन सेक्टर-12 चौराहे पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की भिड़ंत में 21 वर्षीय डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। निगोहां क्षेत्र के मीरक नगर कांटा गांव निवासी सरवन चौरसिया का बेटा नितिन चौरसिया (21) ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जेमैटो में काम करता था। सोमवार रात करीब 11 बजे वह बाइक से डिलीवरी के लिए वृंदावन की ओर गया था। सेक्टर-12 चौराहे के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना गांव स्थित घर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पिता सरवन चौरसिया, मां पुष्पा और छोटे भाई जितेन्द्र चौरसिया समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नितिन की मौत से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने पीजीआई कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसा हुआ।

# परफेक्ट कंप्यूटर सॉल्यूशंस का भव्य शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर में आधुनिक तकनीक से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में परफेक्ट कंप्यूटर सॉल्यूशंस के नए प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन मीसम अम्मार रिज़वी ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी, गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठान पर उपलब्ध कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य कंप्यूटर उपकरणों एवं तकनीकी सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रतिष्ठान के संचालक इंजीनियर मो. दानिश हाशमी ने बताया कि ग्राहकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ी बेहतर, विश्वसनीय और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर संचालक इंजीनियर मो. दानिश हाशमी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि नगर में तकनीकी सेवाओं से जुड़ा नया प्रतिष्ठान शुरू होने से लोगों को कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक जरूरतों के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय जायसवाल, प्रभात, जियाउर्रहमान, कफील, डॉ. हमजा, ताहिर एडवोकेट, आमिर चेयरमैन, इस्तियाक शाद, इरफान अहमद 'मुन्ना', सुलेमान, मो. इमरान, अफआन अंसारी, नोमान, मो. तालिब, आरिफ हाशमी, रईस सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी मौजूद रहे। अंत में प्रतिष्ठान के संचालक इंजीनियर मो. दानिश हाशमी ने उद्घाटन समारोह में शामिल हुए सभी अतिथियों, व्यापारिक साथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोगों का स्नेह और सहयोग उन्हें बेहतर सेवाएं देने के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा महमूदाबाद, निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ शुभारंभ, नगर के प्रमुख मार्गों से होकर संकटा देवी मंदिर पहुंची यात्रा**

भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश कुमार राजपूत ने की अध्यक्षता, बड़ी संया में लोगों ने लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद (सीतापुर)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महमूदाबाद नगर में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में नजर आया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रामकुंड चौराहा स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रध्वज को नमन कर किया गया। मुख्य अतिथि आशा मौर्य ने माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई मां संकटा देवी मंदिर पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश कुमार राजपूत ने की। यात्रा में विधानसभा प्रभारी कमलेश तिवारी एवं मंडल प्रभारी ललित मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

**बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा**

**तिरंगा यात्रा में समाजसेवी मोहन प्रसाद बारी, वागीश दिनकर वाजपेयी, सीपी निगम, संजू प्रजापति, विद्यालय प्रबंधक राम प्रवेश प्रजापति, नगर उपाध्यक्ष राम जिया वन वर्मा, श्याम नारायण त्रिपाठी, विपिन वर्मा, नगर मंत्री किरण यादव, शिव राज रावत, नगर उपाध्यक्ष शिवपाल रावत, राजेंद्र राजपूत, नगर महामंत्री राकेश गुप्ता एवं राजेश जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता, विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे और बड़ी संया में नगरवासी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर लोगों ने देशभति के नारे लगाए और स्वतंत्रता दिवस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा ', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातर' के नारों से नगर का वातावरण गूंज उठा।**

# ओवरटेक के चक्कर में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल

**नगराम।** समेसी कस्बे में मंगलवार को हीरो एजेंसी के सामने ओवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन बाइक सवार घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं, हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नगराम की ओर से एक अपाचे बाइक तेज रफ्तार में निगोहां की तरफ जा रही थी। समेसी कस्बे में हीरो एजेंसी के सामने चालक ने आगे चल रही दूसरी बाइक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में नगराम निवासी शालिनी और अमवा मुर्तजापुर निवासी नम्रता समेत तीन लोग घायल हुए। दुर्घटना के बाद आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर जुट गए। लोगों ने घायलों को सड़क से उठाकर समेसी स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। शालिनी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। नम्रता का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है, जबकि तीसरे घायल को भी प्राथमिक उपचार दिया गया। इधर, हादसे में शामिल दूसरी मोटरसाइकिल का चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना नगराम पुलिस को दी गई।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**.....पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद किया, आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा; नादरगंज से लौटते समय पुलिस ने दबोचा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ और आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया था कि 26 जुलाई की रात उसकी 16 वर्षीय बेटी आभूषण और नकदी लेकर घर से चली गई थी। जानकारी करने पर पता चला कि फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा निवासी सनी पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार भी घर पर नहीं था। इस पर परिजनों को आशंका हुई कि सनी उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि बेटी के बारे में जानकारी करने पर आरोपी पक्ष ने उसके साथ विवाद किया और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देश पर किशोरी की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों के साथ स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को सूचना के आधार पर आरोपी सनी को गिरफ्तार कर लिया गया और किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह और किशोरी एक-दूसरे को कई वर्षों से जानते हैं। उसके मुताबिक, वह किशोरी को बहला-फुसलाकर नादरगंज ले गया था। बाद में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलने पर वह किशोरी को उसके घर छोड़ने के लिए वापस आया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी किशोरी के साथ ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपनी गलती स्वीकार की। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम अर्चना रावत पत्नी हरिश्चंद्र व हरिश्चंद्र पुत्र स्वर्गीय राम आसरे पता–210 ग्राम बसेना पोस्ट बीबीपुर थाना महिगवां बक्शी का तालाब जिला लखनऊ उ0प्र0 के निवासी हैं । हम अपने पुत्र हिमांशु कुमार रावत व पुत्रवधू सुमन सरोज पत्नी हिमांशु कुमार रावत को उनके गलत चाल–चलन व समाज विरोधी क्रियाकलापों के कारण अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं तथा अपने संबंध विच्छेद करते हैं और आज के बाद हिमांशु कुमार रावत व सुमन सरोज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमसे किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा ।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम तसनीमा (TASNIMA) पत्नी अब्दुल रहमान निवासनी– छीछरवाड़ी पोस्ट – सबलाना तहसील – कामा जनपद –भरतपुर (राजस्थान) की हूँ मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश तसनीमन (TASNEEMAN) अंकित हों गया है जबकि आधार कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र में वास्तविक व सही नाम तसनीमा (TASNIMA) है जो कि मेरा सही नाम है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाए ।

# संपादकीय

## परीक्षा की घड़ी

ऐसे वक्त में जब नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने से उपजे छात्र आक्रोश से देश हाल ही में दो-चार हुआ है, देश के परीक्षा सिस्टम पर प्रतिभागियों का भरोसा कायम करना अपरिहार्य शर्त है। हाल के वर्षों में केंद्रीय स्तर और राज्यों में विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाएं स्थगित होने और परीक्षा परिणामों को लेकर किंतु-परंतु होने की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर छात्रों का आंदोलन बदस्तूर जारी है। ऐसे में विश्वसनीयता के सवालों से जूझ रही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए का इंटेलिजेंस, कानून लागू करने वाली एजेंसियों तथा डिफेंस फोर्सेज के अनुभवी लोगों को अपने परीक्षा सुरक्षा कमांड सेंटर में शामिल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। ये प्रयास दूसरी ओर हमें यह भी बताते हैं कि देश में महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाएं कितनी संवेदनशील व असुरक्षित हो गई हैं। नए प्रावधानों के अनुसार इसके टेस्ट सिक्योरिटी और लाइव ऑपरेशन्स अनुभाग के प्रस्तावित जनरल मैनेजर परीक्षा प्रक्रिया के लगभग हर संवेदनशील हिस्से की देखरेख करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रश्नपत्र तैयार करने, एन्क्रिप्शन से लेकर ट्रांसपोर्टेशन, स्टोरेज, वितरण और रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी शामिल रहेगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, सीसीटीवी निगरानी और परीक्षा के उपरांत डेटा एनालिसिस से परीक्षा व्यवस्था के पारदर्शी व विश्वसनीय होने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह, नीट प्रवेश परीक्षा विवाद के उपरांत प्रतिभागियों में भरोसा कायम करने की दिशा में यह एक गंभीर कोशिश होती नजर आती है। लेकिन एक बात तो तय है कि सिर्फ तकनीक के जरिए सिस्टम की खामियां दूर नहीं की जा सकतीं। हालिया नीट-यूजी पेपर लीक प्रकरण में सीबीआई की जांच में एनटीए के अपने ही गोपनीय विभाग में खामियां पाई गई थीं, मसलन संतोषजनक ढंग से तलाशी न लेना, सीसीटीवी की अपर्याप्त निगरानी, जिम्मेदारियों का सही बंटवारा न होना तथा अंतिम प्रश्न सेट तक बहुत अधिक लोगों की पहुंच होना, जिसने परीक्षा प्रश्नपत्र के लीक संकट को जन्म दिया।

दरअसल, सीबीआई जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि परीक्षा प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञ एक-दूसरे के संपर्क में थे, जिससे परीक्षा की गोपनीयता की सुरक्षा का एक बुनियादी नियम भंग हो गया। वास्तव में, नियमानुसार किसी भी एक व्यक्ति की पहुंच पेपर के सभी फाइनल सेट तक नहीं होनी चाहिए। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस कथित गड़बड़ी के लिए किसी हाई-लेवल हैकिंग की जरूरत नहीं पड़ने दी गई। दरअसल, भ्रष्ट लोगों ने परीक्षा प्रक्रिया की मामूली खामियों का फायदा चालाकी से उठाया। निस्संदेह, यह बात किसी भी साइबर खतरे के मुकाबले नीति बनाने वालों के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि दो सप्ताह पूर्व ही धर्मेंद्र प्रधान की जगह शिक्षा मंत्री बने प्रह्लाद जोशी के कंधों पर एक मजबूत, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा सिस्टम बनाने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें विषय की संवेदनशीलता को समझते हुए तुरंत विश्वास बहाली के लिए काम आरंभ करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न केवल छात्र, बल्कि उनके अभिभावक व सारा देश फिर से निराश न हो सके।

इसी तरह, एनटीए का प्रस्तावित कमांड सेंटर सिर्फ अफसरशाही का एक और विस्तार बनकर नहीं रह जाना चाहिए। वास्तविक अर्थों में इस प्रस्तावित कमांड सेंटर को स्वतंत्र रूप से काम करने का अवसर मिले, स्पष्ट रूप से जवाबदेही तय हो और सुरक्षा में कोई गड़बड़ी पाए जाने पर परीक्षा प्रक्रिया को रोकने का अधिकार मिलना ही चाहिए। निश्चित रूप से देश के लाखों छात्रों के लिए परीक्षा व्यवस्था का निष्पक्ष व पारदर्शी होना ही पहली शर्त है। इसके बावजूद यदि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को कड़ी परीक्षा से गुजरना अनिवार्य ही होगा, तो निस्संदेह, यदि एनटीए उसमें असफल रहता है, तो एजेंसी के भविष्य को लेकर कड़ा फैसला लिया जाना अपरिहार्य ही होगा। इसके अलावा, केंद्र के साथ ही राज्यों में भी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने वाली एजेंसियों के कामकाज व तौर-तरीकों पर नियमित निगरानी के लिए एक केंद्रीय ढांचा बनाया जाना चाहिए, जो बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा सिस्टम तैयार करना सुनिश्चित कर सके।

# अफसरों जिम्मेदार ठहराने से होगा समस्याओं का समाधान



**जितने भी नए कानून बनाए जा रहे हैं, या पुराने कानूनों मे संशोधन किया जा रहा, उसका सारा भार देश के आम लोगों पर ही डाला जा रहा है। इन कानूनों में कहीं लापरवाही बरतने या अनदेखी के लिए देश के आला अफसर जिमेदार नहीं हैं। आजादी से लेकर आज तक ऐसा कोई कानून केंद्र या किसी राज्य ने नहीं बनाया है कि यदि कोई घटना-दुर्घटना या कांड होगा तो उसके लिए सीधे अफसर भी जिमेदार माने जाएंगे। संशोधित केंद्रीय पेपर लीक कानून में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने पर कम से कम 5 वर्ष और अधिकतम 10 वर्ष तक की सजा होगी। अधिकतम जुर्माना 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। संगठित अपराधों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। पेपर लीक का नया केंद्रीय कानून बनाने के बावजूद झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में पेपर लीक और अनियमितताएं हुईं।**

देश की सरकारों के पास हर समस्या का एक लाइलाज रामबाण इलाज यह है कि किसी समस्या की गहराई के उपचार के बजाए कानून बना दिया जाए। सरकारें हर समस्या का इलाज व्यवहारिक धरातल पर नहीं बल्कि कानून में ढूंढने की आदी हो चुकी हैं। देश में हर क्षेत्र में एक के बाद एक नए कानून बनाए जा रहे हैं, किन्तु समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जितने भी नए कानून बनाए जा रहे हैं, या पुराने कानूनों मे संशोधन किया जा रहा, उसका सारा भार देश के आम लोगों पर ही डाला जा रहा है। इन कूननों में कहीं लापरवाही बरतने या अनदेखी के लिए देश के आला अफसर जिम्मेदार नहीं हैं। आजादी से लेकर आज तक ऐसा कोई कानून केंद्र या किसी राज्य ने नहीं बनाया है कि यदि कोई घटना—दुर्घटना या कांड होगा तो उसके लिए सीधे अफसर भी जिम्मेदार माने जाएंगे। संशोधित केंद्रीय पेपर लीक कानून में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने पर कम से कम 5 वर्ष और अधिकतम 10 वर्ष तक की सजा होगी। अधिकतम जुर्माना 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। संगठित अपराधों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। पेपर लीक का नया केंद्रीय कानून बनाने के बावजूद झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में पेपर लीक और अनियमितताएं हुईं। इस मामले में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और जेपीएससी के चेयरमैन एल. खियांगटे ने इस्तीफा भी दे दिया। केंद्र सरकार के बनाए पेपर लीक परीक्षा कानून देश में एक अगस्त से अस्तित्व मे आ चुका है। इसके बावजूद देश में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले थम नहीं रहे हैं। राजस्थान में अप्रैल 2022 में एंटी पेपर लीक एक्ट लागू किया गया। गुजरात में मार्च 2023 से सख्त नकल और पेपर लीक विरोधी कानून लागू। उत्तराखंड में वर्ष 2023 में प्रतियोगी परीक्षा अध्यादेश/कानून लागू किया गया। झारखंड में वर्ष 2023 में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए अधिनियम बनाया गया। हरियाणा में सितंबर 2021 से प्रभावी कानून लागू है। इसी तरह असम, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में भी अलग-अलग वर्षों में इससे जुड़े कड़े कानूनी प्रावधान या अधिनियम बनाए जा चुके हैं। केंद्र और इतने राज्यों में पेपर लीक कानून के बाद भी पेपर लीक की घटनाएं थम नहीं रही है। पेपर लीक की तरह देश में बलात्कार के मामलों में बेहद कठोर कानून बनाए गए थे। बलात्कार और इसके साथ हत्या के मामलों में फांसी तक का प्रावधान किया गया है। 2012 में दिल्ली में एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के दोषी चार भारतीय पुरुषों को फांसी दे दी गई थी। निर्भया बलात्कार हत्याकांड से लोगों में आक्रोश फैल गया था और भारत में बलात्कार विरोधी नए कानून बनाए गए। आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 के तहत 12 साल से कम उम्र की बच्चियों के बलात्कार में मृत्युदंड का प्रावधान किया गया। गैंग रेप में न्यूनतम सजा 20 साल से आजीवन की गई। इतिहास इतने कठोर कानून के लागू होने के बावजूद देश में बलात्कार—हत्या के मामले बढ़ते चले गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साल 2023 में 31,982 महिलाओं के साथ बलात्कार के मामले दर्ज हुए। इससे जाहिर है कि नए कठोर कानूनों का अपराधियों को कोई भय नहीं है। ये कानून महज कागज का पुलिन्दा साबित हो रहे हैं। यही भ्रष्टाचार का भी हाल है। देश में भ्रष्टाचार रोकने के लिए कठोर कानून बने हुए हैं, इसके बावजूद देश से भ्रष्टाचार खत्म होना तो दूर बल्कि कम तक नहीं हो सका। आए दिन कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की खबरें आती रहती हैं। भ्रष्टाचार खत्म नहीं करने के लिए कभी किसी अफसर को जिम्मेदार नहीं माना गया। बेशक उनके विभाग का ही कोई भ्रष्टाचारी क्यों न पकड़ा जाए। आज तक जितने भी कानून बनाए गए हैं, उसमें अफसरों की जिम्मेदारी कहीं भी तय नहीं की गई। मसलन सड़क पर गडढा होने से यदि कोई सड़क दुर्घटना होती है या फिर बगैर अग्नि सुरक्षा उपायों के संचालित किसी व्यवसायिक भवन में अग्नि दुर्घटना होती है तो इसके निगरानी करने वाले अफसर जिम्मेदार ठहराए जाएंगे, ऐसा कोई कानून नहीं बना है। यही प्रमुख वजह है कि चाहे पेपर लीक हों या किसी तरह का बड़ा हादसा, कानूनों को सख्त कर दिया जाता है, किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती। इसका बड़ा उदाहरण मेलों, धार्मिक स्थलों पर होने वाले आयोजनों में भगदड़ के दौरान होने वाली मौतें हैं। ऐसा शायद ही कोई साल जाता होगा, जब ऐसे हादसे नहीं होते होंगे। ऐसे हादसों में अब तक देश भर में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद अफसरों की ज्मिमेदारी तय नहीं की गई। ऐसा कोई कानून नहीं बनाया गया कि ऐसे आयोजनों में हादसों के लिए सीधे अफसर जिम्मेदार ठहराएं जाएंगे, उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलेगा और उन्हे जेल की सजा भुगतनी पड़ेगी। अफसरों की लापरवाही से हुए हादसों और इससे बच निकलने का बड़ा उदाहरण राजस्थान का है। जहां दो साल पहले स्कूल की छत्त गिरने से 10 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई, इसके बाद भी स्कूल की छत्त गिरने या दीवार गिरने के हादसे होते रहे, किन्तु एक भी अफसर को आपराधिक आरोपी नहीं माना गया। किसी पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई। पुलिस ने आईएएस अफसर तो दूर बल्कि शिक्षा विभाग के किसी अफसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की। राजस्थान सहित देश के लाखों सरकारी स्कूलों की इमारतों की हालत खस्ता है। सरकारों के पास इतना बजट ही नहीं है कि इतना रखरखाव किया जा सके। यह निश्चित है कि चुनी हुई सरकारें लंबे अर्से तक देश के लोगों की आंखों में धूल नहीं झौंक सकती, उन्हें कानून बनाने के साथ ही धरातल पर समस्याओं का समाधान ढूंढना होगा। देश में बुनियादी सुविधाओं की पहुंच आम नागरिकों तक बढ़ानी होगी। इसकी कमी से हर साल बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल के अभाव जैसे मुद्दों पर धरने, प्रदर्शन, आंदोलन होते हैं, किन्तु इनका स्थायी समाधान नहीं होता। सरकारों की हालत 'खेत खाए गदहा और मार खाए जुलहा' जैसी है। जब तक सरकारें और जिम्मेदार अफसर अपनी जिम्मेदारी से भागते रहेंगे। ऐसी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, बेशक कितने भी नए कानून बन जाएं।

# 'इस बार वोट हाथी को, अपने पुराने साथी को'

## आकाश आनंद के नारे से यूपी की सियासत में हलचल



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद लगातार जनसभाओं और कार्यकर्ता सम्मेलनों के जरिए संगठन को सक्रिय करने में जुटे हैं। हाथरस के सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अविन शर्मा के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में आकाश आनंद ने भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उनका नया नारा 'इस बार वोट हाथी को, अपने पुराने साथी को' खासा चर्चा में रहा। आकाश आनंद ने अपने संबोधन में युवाओं, रोजगार, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से पिछले वर्षों के कामकाज का हिसाब मांगा जाना चाहिए। उन्होंने सरकार पर विज्ञापनों पर भारी खर्च करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि यही धन रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था सुधारने में लगाया जाता तो युवाओं को अधिक अवसर मिल सकते थे। आकाश आनंद ने दावा किया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी पद खाली हैं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने सरकारी रोजगार के आंकड़ों पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि रोजगार के आंकड़े तैयार करते समय ऐसे कार्यों को भी शामिल कर लिया जाता है, जिन्हें स्थायी रोजगार नहीं माना जा सकता। उन्होंने युवाओं से जुड़े मुद्दों को बसपा की आगामी चुनावी रणनीति का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि रोजगार, शिक्षा और बेहतर अवसर युवाओं का अधिकार हैं। उन्होंने युवाओं से चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। बसपा नेता ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने झांसी मेडिकल कॉलेज में बच्चों की मौत का मुद्दा उठाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर सरकार से जवाब मांगा। विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए आनंद ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उदाहरण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना के कुछ हिस्सों में उद्घाटन के बाद ही समस्याएं सामने आईं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में निर्मित यमुना एक्सप्रेसवे का उल्लेख करते हुए दोनों सरकारों के विकास कार्यों की तुलना की। आकाश आनंद ने कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी योगी सरकार को घेरा। उन्होंने अपराध और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावों पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' वाली छवि पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को अपने दावों के साथ प्रदेश में अपराध और महिला सुरक्षा की वास्तविक स्थिति पर भी जवाब देना चाहिए। आकाश आनंद का निशाना केवल भाजपा तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए भाजपा और कांग्रेस को 'एक ही सिक्के के दो पहलू' बताया। उनका आरोप था कि कांग्रेस संविधान और डॉ. भीमराव आंबेडकर की विचारधारा की बात करती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद उसकी नीतियों में भी कई समानताएं दिखाई देती हैं। समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने सपा के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समीकरण पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा समय-समय पर अपने राजनीतिक समीकरण बदलती रही है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी को 'अंकल' कहकर भी राजनीतिक तंज कसा। आकाश आनंद ने युवाओं के आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा कि केवल सरकार बदलने से व्यवस्था में बदलाव नहीं आता। उनके अनुसार वास्तविक परिवर्तन के लिए सरकार के साथ-साथ सत्ता में बैठे लोगों की नीतियों और कार्यप्रणाली में भी बदलाव जरूरी है।

उन्होंने कांशीराम और मायावती की राजनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने बहुजन समाज को सत्ता में भागीदारी हासिल करने और अपना भविष्य स्वयं तय करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। आकाश आनंद ने आरक्षण के मुद्दे पर युवाओं को सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आरक्षण गरीबी हटाने की योजना नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता को दूर करने का संवैधानिक माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण को लेकर युवाओं के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। अपने संबोधन के अंत में आकाश आनंद ने आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। उन्होंने नया नारा 'इस बार वोट हाथी को, अपने पुराने साथी को' देते हुए मतदाताओं से बसपा को समर्थन देने की अपील की। साथ ही उन्होंने पार्टी प्रमुख मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। पिछले विधानसभा चुनाव में सीमित राजनीतिक प्रदर्शन के बाद बसपा के लिए आगामी चुनाव अहम माना जा रहा है। ऐसे में आकाश आनंद का आक्रामक चुनावी अभियान और युवाओं पर विशेष फोकस पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। अब देखना होगा कि सभाओं में दिखाई दे रही भीड़ और उत्साह को बसपा मतदान में कितने प्रभावी तरीके से बदल पाती है।

# लंबे समय तक बैठने से होने वाली समस्याओं में कारगर है ऊर्ध्वमुख पश्चिमोत्तानासन



लंबे समय तक बैठे रहने, कंधा जकड़े रहने और पैरों में खिंचाव आम हो गया है। ऐसे में योग सिर्फ शरीर को मोड़ने का नाम नहीं है, बल्कि खुद से जुड़ने का एक जरिया है। ऐसे ही योग पद्धति में ऊर्ध्वमुख पश्चिमोत्तानासन सबसे शरीर की जकड़न खोलने, पाचन तंत्र को बेहतर बनाने समेत कई शारीरिक स्वास्थ संबंधित समस्याओं का समाधान है। ऊर्ध्वमुख पश्चिमोत्तानासन तीन शब्दों से मिलकर बना है, ऊर्ध्व मुख का अर्थ है ऊपर की तरफ चेहरा, पश्चिम का अर्थ होता है शरीर का पिछला हिस्सा, उत्तान का अर्थ होता है, गहरा खिंचाव और आसन की अर्थ मुद्रा। इस आसन को अंग्रेजी में अपवर्ड फेसिंग इंटेंस वेस्ट स्ट्रेच कहते हैं। इस आसन में आप उभय पादांगुष्ठासन की तरह पैर के अंगूठों को पकड़कर बैलेंस बनाते हैं और साथ ही धड़ को आगे की तरफ पैरों की ओर झुकाते हैं। यह आसन अष्टांग योग की प्राथमिक शृंखला में आता है और उभय पादांगुष्ठासन के बाद का अगला लेवल माना जाता है। योग परंपरा में ऊर्ध्वमुख पश्चिमोत्तानासन एक उन्नत आसन है, जो पश्चिमोत्तानासन और संतुलन का मिला-जुला रूप है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने भी इस आसन को लेकर प्रतिक्रिया दी। उनके अनुसार, ऊर्ध्व मुख पश्चिमोत्तानासन एक उन्नत योगासन है, जिसमें शरीर का संतुलन कूल्हों (सिट बोन्स) पर रखा जाता है और दोनों पैरों को ऊपर आकाश की ओर सीधा खींचकर हाथों से पंजों को पकड़ा जाता है। यह अभ्यास कोर शक्ति, रीढ़ के लचीलेपन और संतुलन को सुधारता है। यह एक ऐसा योग आसन है जिसमें बैठकर पैर सीधे रखते हुए आगे झुकते हैं और अंगूठे पकड़कर रीढ़ और पैरों के पिछले हिस्से को गहराई से स्ट्रेच करते हैं। इस आसन के नियमित अभ्यास करने से हैमस्ट्रिंग यानी जांघ के पीछे की मांसपेशियां, पैसिव तरीके से लंबी और लचीली होती हैं। यह एकमात्र ऐसा योग आसन है जो शरीर के पीछे वाले हिस्से का लचीलापन और आगे वाले हिस्से की ताकत दोनों को एक साथ बढ़ाता है, ताकि वह लचीलापन सिर्फ बैठे-बैठे न रहे, बल्कि काम करते समय भी टिके रहे।




**मेष** –आज आत्मविश्वास के साथ नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में कोई महत्वपूर्ण बातचीत आगे बढ़ सकती है।

**वृषभ**–आर्थिक मामलों में आज सावधानी जरूरी है। पुराने भुगतान या आर्थिक चिंता परेशान कर सकती है, लेकिन धैर्य से स्थिति संभल जाएगी। काम का दबाव बढ़ सकता है।

**मिथुन**–नई सोच और रचनात्मकता के कारण कामकाज में सफलता मिल सकती है। आपके सुझावों को महत्व मिलेगा और सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। प्रेम जीवन में उत्साह बढ़ेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है।

**कर्क** –परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर मन परेशान हो सकता है, लेकिन बातचीत से स्थिति सुधरेगी। कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा, जबकि आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

**सिंह** –आज आत्मविश्वास और उत्साह बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत और नेतृत्व क्षमता को पहचान मिलेगी। व्यापार में नए संपर्क से लाभ का अवसर मिल सकता है।

**कन्या**–आज अपनी योजनाओं की समीक्षा कर आगे की दिशा तय करने का समय है। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में अनावश्यक खर्च से बचें।

**तुला**–आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है और रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना है। निवेश से भी लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके संतुलित व्यवहार की सराहना होगी।

**वृश्चिक**-आज महत्वपूर्ण फैसले सोच-समझकर लें। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और आप उसे सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**धनु** –आज नई चीजें सीखने और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में मेहनत की सराहना होगी और वरिष्ठ की सलाह उपयोगी साबित हो सकती है। परिवार में शुभ आयोजन की योजना बन सकती है।

**मकर** –कामकाज और आर्थिक मामलों में दिन मजबूत रहेगा। नई जिम्मेदारी मिल सकती है और महत्वपूर्ण काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। व्यापार में लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ**–नई सोच और रचनात्मकता आज आपकी ताकत बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके विचारों की सराहना होगी और नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मीन**–आज आत्मचिंतन के साथ महत्वपूर्ण फैसले लेने का दिन है। कार्यक्षेत्र में आपकी कल्पनाशीलता उपयोगी साबित होगी। नौकरी और व्यापार में परिस्थितियां अनुकूल रह सकती हैं, लेकिन आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में विश्वास मजबूत होगा। पाचन संबंधी परेशानी से बचने के लिए खान-पान पर ध्यान दें।

# बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ने की वजह सिर्फ बच्चे नहीं, नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा



आज के समय में बच्चों को स्क्रीन से पूरी तरह दूर रखना माता-पिता के लिए आसान नहीं है। पढ़ाई, मनोरंजन से लेकर कभी-कभी बच्चे को शांत कराने तक, मोबाइल, टीवी या टैबलेट परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं। इस बीच फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एफआईयू) की एक नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एफआईयू के सेंटर फॉर चिल्ड्रन एंड फैमिलीज की इस रिसर्च में 4 से 8 साल की उम्र के बच्चों की देखभाल करने वाले 822 लोगों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि माता-पिता का तनाव बच्चों के स्क्रीन इस्तेमाल से किस तरह जुड़ा हुआ है। स्टडी के नतीजे फैमिली रिलेशन्स जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। रिसर्च में सामने आया कि जिन माता-पिता में भावनात्मक तनाव ज्यादा था, वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर लगातार नियम लागू करने में अपेक्षाकृत कम सक्षम थे। वहीं, जिन माता-पिता को बच्चे के व्यवहार से ज्यादा परेशानी या दबाव महसूस होता था, वे मुश्किल परिस्थितियों में बच्चे को शांत कराने या व्यस्त रखने के लिए स्क्रीन का सहारा ज्यादा लेते थे। स्टडी की प्रमुख लेखिका और एफआईयू की मनोविज्ञान की डॉक्टरेट छात्रा एनिड मोरेरा के मुताबिक, रिसर्च में सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई कि बच्चों के मीडिया इस्तेमाल से जुड़े फैसलों पर माता-पिता का अपना तनाव भी असर डालता है। इसलिए बच्चों के साथ-साथ माता-पिता को भी सहयोग देना जरूरी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि हर परिवार से सिर्फ यह कहना कि बच्चे का स्क्रीन टाइम कम कर दीजिए, हमेशा व्यावहारिक समाधान नहीं हो सकता। कई बार माता-पिता के लिए स्क्रीन किसी मुश्किल पल को संभालने का एक आसान जरिया होती है। ऐसे में सवाल यह होना चाहिए कि बच्चा स्क्रीन पर क्या देख रहा है और उसका असर कैसा है। रिसर्चर्स का सुझाव है कि माता-पिता बच्चों की उम्र के हिसाब से ऐसा कंटेंट चुनें, जो उन्हें कुछ सिखाए, उनकी रुचि बढ़ाए और उनके विकास में मदद करे। साथ ही यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि स्क्रीन की वजह से बच्चे की नींद, खेलकूद, परिवार के साथ समय या पढ़ाई प्रभावित न हो। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स भी परिवारों को सिर्फ स्क्रीन के मिनट गिनने के बजाय कंटेंट की गुणवत्ता, रोजमर्रा की दिनचर्या और बच्चे के स्वस्थ विकास पर ध्यान देने की सलाह देती है। विशेषज्ञों ने स्क्रीन इस्तेमाल को समझने के लिए '5 सी ऑफ मीडिया यूज' पर ध्यान देने की भी सलाह दी है। पहला है चाइल्ड, यानी बच्चे की उम्र, स्वभाव और उसकी व्यक्तिगत जरूरतों को समझना। दूसरा है कंटेंट, यानी बच्चे के लिए उसकी उम्र के अनुसार सही, उपयोगी और दिलचस्प कंटेंट चुनना। तीसरा है काम, यानी यह देखना कि बच्चा हर बार परेशान या रोने पर स्क्रीन पर निर्भर तो नहीं हो रहा। चौथा है क्राउडिंग आउट, यानी स्क्रीन के कारण बच्चे की नींद, खेल-कूद, परिवार के साथ समय या दूसरी जरूरी गतिविधियां कम तो नहीं हो रही हैं। पांचवां है कम्युनिकेशन, यानी बच्चे से टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को लेकर खुलकर बात करना। शोधकर्ताओं का कहना है कि अगर किसी मुश्किल दिन में माता-पिता बच्चे को कुछ देर स्क्रीन दे देते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि उन्होंने कोई बड़ी गलती कर दी।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# नई पाइप लाइन में फिर लीकेज, हजारों लीटर पानी बर्बाद

## 15 दिन में दो बार फूटी पाइप लाइन, चार दिन से सड़क पर बह रहा पानी; नलों में बूंद नहीं, जल निगम के अफसरों की चुप्पी पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



शहर के गांधी नगर नई बस्ती में पेयजल व्यवस्था को लेकर जल निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। कबीर मंदिर वाली गली में बिछाई गई नई पेयजल पाइप लाइन पिछले चार दिनों से लीकेज होने के कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। विडंबना यह है कि जिस समय एक ओर मोहल्लेवासी नलों में पानी की बूंद आने का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पेयजल पाइप लाइन से लगातार पानी बहकर बर्बादी की कहानी बयां कर रहा है।

मोहल्लेवासियों के मुताबिक नई पाइप लाइन में महज 15 दिनों के भीतर दूसरी बार लीकेज हुआ है। पहली बार लीकेज होने के बाद इसकी मरम्मत कराई गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में दोबारा पाइप लाइन ने जवाब दे दिया। इससे पाइप लाइन की गुणवत्ता और उसे बिछाने के दौरान बरती गई सावधानियां पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

कबीर मंदिर वाली गली में पाइप लाइन से लगातार पानी निकल रहा है। चार दिन बीत जाने के बाद भी लीकेज बंद नहीं कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या की जानकारी जल निगम के एक्सईएन को भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद मौके पर पहुंचकर स्थायी समाधान कराने की दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

पाइप लाइन से निकलने वाला पानी सड़क पर फैल रहा है। इससे जहां सड़क पर आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं पानी की बर्बादी लगातार जारी है। यदि समय रहते लीकेज बंद नहीं कराया गया तो पाइप लाइन के आसपास की सड़क और मिट्टी भी प्रभावित हो सकती है।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिस पेयजल के लिए मोहल्लेवासी परेशान हैं, वही पानी पाइप लाइन से निकलकर सड़क पर बह रहा है। घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण लोगों को पेयजल की व्यवस्था के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

मोहल्ले वासियों का कहना है कि गर्मी और उमस के बीच पानी की जरूरत लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में हजारों लीटर पेयजल का यूं खुलेआम बहना गंभीर लापरवाही है। विभाग यदि समय पर लीकेज की मरम्मत करा देता तो पानी की बर्बादी भी रुकती और पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित नहीं होती।

### सरकारी धन की बर्बादी पर भी उठे सवाल

नई पाइप लाइन बिछाने पर सरकारी धन खर्च किया गया है। यदि पाइप लाइन बार-बार टूटती या लीकेज होती है तो उसकी मरम्मत में दोबारा सरकारी धन खर्च होगा। ऐसे में एक ही काम पर बार-बार पैसा खर्च होने की स्थिति पैदा हो सकती है। मोहल्लेवासियों ने मांग की है कि विभागीय अधिकारी मौके का निरीक्षण कर पाइप लाइन की गुणवत्ता की जांच कराएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि पाइप लाइन में लगातार लीकेज की वजह क्या है और इसके लिए जिम्मेदारी किसकी है।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, आखिर इंतजार किस बात का?

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को लीकेज की जानकारी है तो फिर चार दिन से समस्या जस की तस क्यों बनी हुई है? क्या विभाग किसी बड़े नुकसान का इंतजार कर रहा है? लोगों का कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़े मामले में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जानी चाहिए। विभाग को तत्काल मौके पर टीम भेजकर लीकेज बंद कराने के साथ ही पाइप लाइन की गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही से एक तरफ पानी की बर्बादी हो रही है तो दूसरी तरफ आम जनता पेयजल के लिए परेशान है। ऐसे में जिम्मेदारों को जवाब देना चाहिए कि आखिर नई पाइप लाइन 15 दिन में दो बार क्यों फूटी और चार दिन बाद भी लीकेज क्यों नहीं सुधारा गया?

### 15 दिन में दो बार लीकेज से गुणवत्ता पर सवाल

नई पाइप लाइन में बार-बार लीकेज होना महज संयोग नहीं माना जा सकता। स्थानीय लोगों ने पाइप लाइन के निर्माण और बिछाने के कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि पाइप लाइन निर्धारित मानकों के अनुसार बिछाई गई होती तो इतनी कम अवधि में बार-बार लीकेज की समस्या सामने नहीं आती। इससे ठेकेदार की कार्यप्रणाली के साथ-साथ विभागीय निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पाइप लाइन नई, लेकिन समस्या पुरानी से भी गंभीर

नई पेयजल पाइप लाइन बिछाने के बाद महज 15 दिनों में दो बार लीकेज होना निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। आखिर पाइप लाइन बिछाने में किस स्तर की सामग्री इस्तेमाल की गई? काम की निगरानी किस अधिकारी ने की? लीकेज की मरम्मत के बाद दोबारा पाइप लाइन क्यों फूटी? इन सवालों का जवाब जिम्मेदार विभाग को देना चाहिए। अब सिर्फ लीकेज बंद कराना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि पूरी पाइप लाइन की गुणवत्ता की जांच जरूरी है।

### अफसरों की अनदेखी या ठेकेदार पर मेहरबानी?

चार दिन से पानी बह रहा है। विभागीय अधिकारी को जानकारी है। इसके बावजूद लीकेज जस का तस है। इससे सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से क्यों बच रहे हैं? मोहल्लेवासियों का आरोप है कि यदि आम आदमी की निजी पाइप लाइन में ऐसी समस्या होती तो तत्काल कार्रवाई होती, लेकिन सरकारी पाइप लाइन में हजारों लीटर पानी बर्बाद होने के बावजूद विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

# "हर घर तिरंगा अभियान-2026" के तहत तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजा जनपद

**» राष्ट्रप्रेम की भावना से सरावोर बच्चे, बूढ़े, युवा, दिव्यांग, सभी ने हाथों में थामा तिरंगा**

**» अभियान के तहत कल्याण सिंह सभागार में होगा तिरंगा मेला, प्रदर्शनी व म्यूजिकल कॉन्सर्ट का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर




शासन द्वारा व देशभर में चलाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को पल्लवित करने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में आज मंगलवार को प्रातः 9 बजे से पुलिस लाइन प्रांगण में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड आदि ने हाथों में तिरंगा थामकर यात्रा का शुभारंभ किया और पुलिस लाइन से शुरू करते हुए तुवन चौराहा, घण्टाघर, वर्णी कॉलेस से वापस पुलिस लाइन पर यात्रा का समापन किया।

तिरंगा यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गुजांयमान हो रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केन्द्र बन रही थी। तिरंगा यात्रा से उत्साहित होकर लोग जगह-जगह पुष्प वर्षा करते दिखाई दिए, साथ ही भारत माता की जयकारों से शहर की गलियां गूँज उठीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान 2026 के अंतर्गत आज 11 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जनपदभर में विभिन्न स्थलों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिसमें जन प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में हजारों लोग इन तिरंगा यात्राओं में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर देश के वीर सपूतों, महापुरुषों और आजादी के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का शुभ अवसर है, इन यात्राओं में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लोग देश को एकता, अखण्डता का संदेश दें। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के तहत कल 12 अगस्त को कल्याण सिंह सभागार में प्रातः 10 बजे से तिरंगा मेला एवं प्रदर्शनी एवं सायं 4 बजे से म्यूजिकल कन्सर्ट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हों। तिरंगा यात्रा के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 सिंह, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता हाथों में तिरंगा थामे बढ़ते हुए कदमों से जोश के साथ देशभक्ति की भावना को दिल में लिये चल रहे थे।

# जिला गंगा समिति के तत्वाधान में आयोजित होगी प्राकृतिक खेती कार्यशाला



## गंगा नदी प्राधिकरण आदेश का कड़ाई से होगा पालन

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिला गंगा समिति की मासिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया I बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तथा संचालन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा किया गया I बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा नदी प्राधिकरण आदेश 2016 के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के संबंध में क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों को संवेदीकृत किए जाने के निर्देश दिए I उन्होंने कहा कि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य राजस्व अधिकारी अनिवार्य प्रावधानों से पूर्णतः अवगत हो I गंगा नदी अथवा उसकी सहायक नदियों में किसी भी प्रकार का अनुपचारित अथवा उपचारित सीवेज, स्लज, व्यापारिक अपशिष्ट अथवा खतरनाक अपशिष्ट का निर्वहन नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की पूर्व स्वीकृति के बिना सक्रिय बाढ़ क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक अथवा औद्योगिक प्रयोजनों के लिए किसी भी स्थायी अथवा अस्थायी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी विकास कार्य, पुल, तटबंध, जल संरचना घाट, जेटी आदि के निर्माण/स्थापना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से पूर्व अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बताया गया की राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला गंगा समिति के तत्वाधान में कृषि विभाग के सहयोग से प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा I बैठक में उपायुक्त श्रम रोज़गार, पंचायती राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, नोडल अधिकारी स्वास्थ विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, उप कृषि निदेशक, बुंदेलखंड सेवा संस्थान सचिव, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति उपस्थित रहे I

## संक्षिप्त खबरें

### गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला बड़ापुरा में किसी बात को लेकर दो लोगों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के दौरान दबंग ने विपक्षी को दबोच कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला बड़ापुरा निवासी दिनेश पुत्र गोकुल कुशवाहा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 9 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 1:00 बजे वह अपने मोहल्ले में था। इसी दौरान शहर के मोहल्ला अजीतापुरा निवासी झल्लू शुक्ला वहां पर आ धमका और पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इस दौरान जब उसने विपक्षी की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उसने लात घुसो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### महरौनी के ईदगाह के पास बेवजह दबोच कर गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ईदगाह के पास रहने वाले संदीप पुत्र जमुना प्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 8 अगस्त 2026 को शाम 7:30 बजे वह अपने घर के पास स्थित मैदान में था। इसी दौरान मोहल्ले के ही परमहंस कुटी में रहने वाला विपक्षी टिकले उर्फ़ खेमचंद पुत्र सुजान कुशवाहा वहां पर आया और बेबजह ही उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इस दौरान जब उसने विपक्षी की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उसने अपने तीन अन्य साथियों के बल पर उसे मौके पर दबोचकर उसके साथ लात घुसो लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली महरौनि पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# सागर एनएच पर दो ट्रकों की हुई आमने सामने भीषण भिड़ंत में एक की मौत, चार गंभीर घायल

**» दो गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज किया रेफर**

**» घायलों में दो हरियाणा के निवासी हैं शामिल**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



सागर नेशनल हाईवे 44 पर स्थित सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बिरधा के पास देर रात्रि दो ट्रकों की आमने सामने हुई भीषण भिड़ंत में एक ट्रक के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों ट्रकों में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए। बताया गया है कि स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां एक ट्रक के ड्राइवर को परीक्षण के दौरान मृतक घोषित कर दिया, तो शेष पांच का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। बताया गया है कि इसमें से भी दो गंभीर रूप से घायलों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया गया है कि मृतक को करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन और गैस कटर के माध्यम से ट्रक से बाहर निकाल कर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था।

मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक दिल्ली से परचून का सामान भरकर चेन्नई की तरफ जा रहा था बताया गया है कि सोमवार की रात्रि करीब 9 बजे ट्रक जैसे ही सागर नेशनल हाईवे 44 पर जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बिरधा और ग्राम पटउआ के बीच पहुंच ही था, कि सामने की तरफ से रॉन्ग साइड आ रहे दूसरे ट्रक में उक्त ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों ट्रकों की आमने सामने हुई, जिसमें दोनों ट्रक की हालत चकनाचूर हो गये और रॉन्ग साइड आ रहा ट्रक का ड्राइवर 32 वर्षीय मानसिंह उर्फ़ मुंशी पुत्र प्रकाश पटेल निवासी ग्राम डोंगरा कला उसमें ही फंस गया। इस दौरान उसके साथ गांव का ही 22 वर्षोय बृजेश पुत्र गणेश और मौनू पुत्र ज्ञानी भी मौजूद था, जिसमें उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हुए। बताया गया है कि दूसरा ट्रक दिल्ली से परचूनी का सामान लेकर चेन्नई की तरफ जा रहा था, वह भी चकनाचूर हो गया और इस ट्रक में सवार मुस्तकीम पुत्र मुबीना और सालीम पुत्र लियाकत भी गंभीर रूप से घायल हुए। जबकि इस ट्रक का ड्राइवर मौके पर ही गाड़ी छोड़कर वहां से रफू चक्कर हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे स्थानीय राहगीरों द्वारा पुलिस को सड़क हादसे की सूचना मिली, जिस पर बिरधा पुलिस चौकी से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को ट्रक से बाहर निकलवाया और गंभीर रूप से पांचों घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस बुलाकर शहर के मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां सभी का उपचार किया गया। जबकि दूसरे रॉन्ग साइड आ रहे ट्रक में फंसे ड्राइवर को क्रेन बुलवाकर ट्रक को सीधा कराया और गैस कटर की माध्यम से ट्रक की बॉडी को काटकर ड्राइवर को निकालकर तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डाक्टरी परीक्षण के दौरान ड्राइवर को मृतक घोषित कर दिया। बताया गया है कि मेडिकल कॉलेज में सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया और हरियाणा निवासी दोनों घायलों को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।

# खेत की पैमाइश के विवाद में परिवार पर लाठी-कुल्हाड़ी से हमला

**एक व्यक्ति का पैर टूटा, जबड़े में गंभीर चोट**



ललितपुर। बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बानपुर में खेत की पैमाइश के विवाद को लेकर एक परिवार पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में सूरज सिंह, उनके पुत्र आनंद सिंह व नरेंद्र तथा पत्नी मीना घायल हो गए। सूरज सिंह के एक पैर की हड्डी टूटने के साथ जबड़े में गंभीर चोट आई और दांत भी हिल गए। गंभीर हालत में उन्हें झांसी रेफर किया गया। पीड़ित आनंद सिंह के अनुसार 22 जुलाई की शाम वह परिवार के साथ खेत की पैमाइश कराकर लौट रहे थे। हरिराम ढीमर के खेत के पास गोविंद, हरी सिंह, आकाश, अमर सिंह, शिवा, शिवेन्द्र और गजरा समेत अन्य लोगों ने रास्ता रोककर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने घायलों को सीएचसी बानपुर पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामले में 24 जुलाई को बानपुर थाने में एफआईआर संख्या 0188/2026 के तहत धारा 191(3), 115(2), 352 व 351(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता का आरोप है कि गंभीर चोटों के बावजूद धाराएं नहीं बढ़ाई गईं और आरोपी खुलेआम घूमकर परिवार को धमका रहे हैं। आनंद सिंह ने 11 अगस्त को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंभीर धाराएं बढ़ाने, आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

## आय प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत, पैसे मांगने के आरोपों से राजस्व विभाग पर उठे सवाल

महरौनी। तहसील महरौनी क्षेत्र के ग्राम डोंगरा खुर्द में आय प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर एक विधवा महिला एवं उसके पुत्र द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित पक्ष ने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, पीड़ित ने ऑनलाइन माध्यम से आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन राजस्व विभाग की जांच प्रक्रिया के तहत संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी के पास पहुंचा। आरोप है कि आवेदन निरस्त कर दिया गया तथा प्रमाण पत्र बनवाने के एवज में कथित रूप से धनराशि की मांग की गई।

पीड़ित पक्ष ने यह भी सवाल उठाया है कि जब परिवार के पिता की मृत्यु हो चुकी है, तो उनकी आय से संबंधित दस्तावेज मांगने का औचित्य क्या है। उनका आरोप है कि इस प्रकार की प्रक्रिया से उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि ग्राम डोंगरा खुर्द में इससे पूर्व पट्टा आवंटन को लेकर भी शिकायतें और विवाद सामने आ चुके हैं। ग्रामीणों द्वारा अनियमितताओं एवं कथित धन मांगने के आरोप लगाए गए थे। अब आय प्रमाण पत्र के मामले में सामने आई नई शिकायत से एक बार फिर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, आय प्रमाण पत्र के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कराया जाए।

## हालात-ए-मेडिकल कॉलेज...

# मेडिकल कॉलेज में इलाज न मिलने से पिता को तड़पता देख पुत्र ने बुलाई पुलिस

**पुलिस की आने पर बीमार बुज़ुर्ग का इलाज हुआ शुरू**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद वासियों को उच्च कृत मेडिकल सुविधाओं से सशक्त मेडिकल कॉलेज की सौगात इसलिए दी थी, कि यहां पर सभी को समय पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके और मरीजों को परेशान ना होना पड़े। लेकिन वर्तमान समय में हालात ए मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं कि यहां पर तड़पते मरीजों को उपचार नहीं मिलता या फिर उपचार के दौरान उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। ऐसे ही एक मामले में जब एक बीमा बुजुर्ग अपने पुत्र के साथ इलाज कराने मेडिकल कॉलेज आया, तो उसे घंटों उपचार नहीं मिला और बुजुर्ग तड़पता रहा। अपने पिता को तड़पता देख बेटे ने ज़ब पुलिस बुलाई, तब जाकर कहीं बुजुर्ग का उपचार शुरू हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककडारी निवासी 70 वर्षीय फूलचंद पेट की बीमारी से ग्रसित है और उसे 9 अगस्त को बार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया गया है कि रविवार की देर रात्रि जब बुजुर्ग फूलचंद का पुत्र अपने पिता को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा, तो डॉक्टरों ने उसे पुराने भवन की तीसरी मंजिल पर भर्ती कर दिया। बताया गया है कि सोमवार की सुबह से लेकर दिनभर बुजुर्ग पेट दर्द से परेशान रहा, लेकिन उसे समुचित इलाज नहीं मिला और ना ही सुबह-शाम लगाए जाने वाले इंजेक्शन लगाए गए, जिससे वह तड़पता रहा। इसके बाद बुजुर्ग के पुत्र जगदीश ने सोमवार की रात करीब 9:00 बजे डायल 112 पुलिस और 1090 टोल फ्री नंबर पर मामले की शिकायत की और मदद मांगी। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां पुलिसकर्मी चिकित्स्कों मिले और बुजुर्ग का इलाज शुरू करवाया। इस मामले ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन और डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवालिया निशान लगाया है। क्योंकि यहां पर मरीज इलाज करने के लिए आता है, लेकिन यहां के मेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मरीज को मौत के मुंह में धकेलने का काम लापरवाह तरीके से किया जाता है या फिर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। हालांकि इस मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने जानकारी दी और बताया कि जब डॉक्टर मरीज को देखने उसके पलंग पर गया था, तो वह मौजूद नहीं मिला, जिस कारण उसे इलाज नहीं मिल पाया। लेकिन अब उसका इलाज किया जा रहा है।

# जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया I प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा बैठक का शुभारम्भ करते हुए समिति को अवगत कराया कि वर्ष 2026 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण की जियो टैगिंग का कार्य अभी पूर्ण नहीं किया गया है, आज तक 80% स्थलों की जियो टैगिंग पूर्ण हुयी है I अवगत कराया गया कि प्राविधिक शिक्षा, औद्योगिक विकास विभाग, श्रम, परिवहन, आवास विकास, रेलवे, स्वास्थ्य, पंचायतीराज विभाग एवं उद्योग विभाग द्वारा ही जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया गया है।

इस बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जियोटैगिंग का कार्य दो कार्यदिवस के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें I बैठक में ठोस अपशिस्ट प्रबंधन नियमावली 2026 के प्रभावी क्रियान्वन हेतु सम्बंधित विभागों से चर्चा की गयी एवं निर्देशित किया गया कि नगर पालिका, नगर पंचायत एवं पंचायत राज नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें I बैठक में जनपद में सघन अभियान के माध्यम से सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रतिबन्ध एवं जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ठोस अपशिस्ट, प्लास्टिक अपशिस्ट, कंस्ट्रक्शन एवं डीमोलिशन अपशिस्ट, जैव चिकित्सा अपशिस्ट, एवं ई-वेस्ट के प्रबंधन एवं निस्तारण की समीक्षा हुयी एवं निर्देशित किया गया कि समस्त 26 वार्डो से कचरे का प्रबंधन का नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, राजस्व दिनेश कुमार, उपायुक्त मनरेगा, रमेश यादव, जिलापंचायत राज अधिकारी, कुंवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, ओमप्रकाश, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड भूपेश सुहेरा, कृषि उप निदेशक, अख्तर हुसैन, स्वास्थ्य विभाग से डॉ राजेश भारती एवं अन्य विभागों से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महरौनी में औषधि निरीक्षक की छापेमारी, मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण



महरौनी। औषधियों की गुणवत्ता एवं मेडिकल स्टोर्स पर नियमों के अनुपालन को लेकर औषधि निरीक्षक विनय कुमार मिश्रा ने महरौनी क्षेत्र में विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, रखरखाव, साफ-सफाई, लाइसेंस एवं आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। टीम द्वारा दवाओं के नमूने भी लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

औषधि निरीक्षक श्री विनय कुमार मिश्रा ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि दुकान में दवाओं का रखरखाव निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित बिल, स्टॉक एवं अन्य आवश्यक अभिलेख व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने नारकोटिक्स एवं कोडीनयुक्त सिरप को लेकर मेडिकल स्टोर संचालकों को विशेष रूप से चेताया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी दवाओं की बिक्री बिना पंजीकृत चिकित्सक के वैध पर्चे के न की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नियंत्रित श्रेणी की दवाओं की खरीद एवं बिक्री का पूरा लेखा-जोखा रखा जाए तथा संबंधित बिल एवं अभिलेख सुरक्षित रखे जाएं। किसी भी दवा की बिक्री में नियमों की अनदेखी न हो। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों को आगाह किया कि नशीली एवं नियंत्रित दवाओं के अनियमित क्रय-विक्रय पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल स्टोर संचालकों से नियमों का पालन करते हुए मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराने की अपील की गई। औषधि विभाग की कार्रवाई से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण तथा नियंत्रित औषधियों के क्रय-विक्रय पर निगरानी आगे भी जारी रहेगी।

# सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

**» जलभराव से घरों में घुस रहा गंदा पानी**

**» आजादपुरा-लेडिया में इंटर कॉलेज के पीछे की गली का मामला**

**» एसडीएम के रोकने के बावजूद निर्माण दोबारा शुरू कराने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



शहर के आजादपुरा, लेडिया क्षेत्र में मां शारदा इंटर कॉलेज के पीछे वाली गली में चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर मोहल्लेवासियों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच और निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश और गंदा पानी गली में जमा हो रहा है और कई घरों के अंदर तक पानी पहुंचने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों के अनुसार मां शारदा इंटर कॉलेज के पीछे वाली गली में सड़क निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण के दौरान जल निकासी का समुचित प्रबंध नहीं किया गया। सड़क का निर्माण इस तरह किया जा रहा है कि पानी की निकासी प्रभावित हो गई है। इसके चलते गली में गंदा पानी जमा होने के साथ आसपास के घरों में भी पानी भरने की स्थिति बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार जलभराव के कारण गली में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समस्या को लेकर पूर्व में शिकायत की गई थी। इसके बाद 10 अगस्त 2026 को उपजिलाधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई थी। मोहल्लेवासियों के मुताबिक मौके की स्थिति देखने के बाद निर्माण कार्य रुकवाया गया था तथा निर्देश दिए गए थे कि पहले जलभराव और जल निकासी की समस्या का समाधान किया जाए। आरोप है कि इन निर्देशों के बावजूद ठेकेदार द्वारा दोबारा निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है और उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने 11 अगस्त 2026 को जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पूरे मामले की दोबारा मौके पर जांच कराने की मांग की है। साथ ही जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होने तक निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मानकों की जांच कराने की मांग की गई है। शिकायती पत्र पर विजय पाल, अमित प्रजापति, बलराम, कलावती, रामनरेश, रजनी साहू, राहुल, भूपेंद्र राठौर, पुष्पा, सीमा सहित कई मोहल्लेवासियों के नाम और हस्ताक्षर दर्ज हैं।

# पुरानी हत्या की साजिश में पिकअप से रौंदे गये घायल शिक्षक की झांसी में इलाज के दौरान हुई मौत

**परिजन एसपी पर शव लेकर पहुँचे, जहाँ अधिकारियों ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया**

## दो दिन पूर्व बेटी को विद्यालय से लेकर लौटते समय दिया था घटना को अंजाम









स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

तीन साल पूर्व हुई मौत की रंजिश में बहनोई के परिजनों व अन्य दबंगों की मारपीट कर घायल हुए शिक्षक की झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजन मृतक का शव लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामले को लेकर पीड़ित के परिवार द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया था। बताते चलें कि मृतक पर वर्ष 2023 में ससुराल आये मृतक के जीजा की संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरकर मौत हो गई थी, जिसमें ससुरालियों पर अपने जीजा की हत्या का आरोप लगा था और उसके खिलाफ मामला दर्ज होकर ससुर व साला जेल भी गया था। इसी मामले को लेकर दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसमें विपक्षियों ने दो बार मृतक की हत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन वह दो बार ही चूक गये और तीसरी बार में उन्होंने घेर क़र घटना को अनजान दिया। इस मामले में घटना की प्रत्यक्षदर्शी मृतक की मासूम बच्ची ने भी दबंगों की क्रूरता बयान की, जिसे सुनकर रोंगटे खड़े हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह करीब 12 बजे ग्राम झरकौन निवासी 30 वर्षीय अभय सिंह पुत्र मगन सिंह अपनी 5 वर्षीय पुत्री भाग्यश्री को स्कूल से लेकर स्कूटी से अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह बानपुर रोड पर ग्राम खोखरा के आगे पहुंचे, तभी पीछे से आ रही बिपक्षियों से भरी पिकअप ने उन्हें टक्कर मारकर रौंदने का प्रयास किया। जब टक्कर लगने के बाद पिता पुत्री सड़क पर गिर गए, तब उन पर पत्थर पटक कर उन्हें जान से करने का प्रयास किया। हालांकि वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब ललकार, तब पिकअप सवार करीब आधा दर्जन दबंग वहां से रफू चक्कर हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में अमर सिंह को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, जहां मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जबकि चोटिल हुई पुत्री का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। अमर सिंह की मौत होने के बाद उसके परिजन उसका शब्द लेकर जिला मुख्यालय पहुंची जहां उन्होंने एसपी कार्यालय पहुंचकर सबको वहां पर रख दिया हालांकि मौके पर अपर पुलिस आधीक्षक कालू सिँह व सीओ यातायात ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया और इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस मामले को लेकर मृतक के भाई सोन सिंह ने बताया कि सोमवार को उनके भाई अपनी बेटी को स्कूल से लेकर वापस आ रहा था इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी तुलसी, चंदन, देशवंत, मोहिसिंन, मनोहर उर्फ़ मुन्ना के साथ मध्य प्रदेश के ग्राम सैराई निवासी दो अन्य बिपक्षियों ने घात लगाकर रास्ते में उन पर पिकअप से हमला कर टक्कर मार दी थी और पत्थरों से कुचलकर उन्हें मरणासन्न कर दिया था, जिनकी मौत झांसी मेडिकल कॉलेज में हो गई।

### वर्ष 2023 में रंजिशन मृतक पर लगा था जीजा की हत्या का आरोप

बताते चलें कि मृतक अभय सिंह की बहन मनीषा की शादी मध्य प्रदेश के जनपद अशोकनगर अंतर्गत ग्राम सैराई निवासी रामकुमार पुत्र रामदास के साथ संपन्न हुई थी बताया गया है कि अप्रैल माह में मनीषा अपनी ससुराल से अपने मायके झरकौन वापस आ गई थी और उसके बाद वह गई नहीं। इसके बाद 12 अप्रैल 2030 को मनीषा का पति रामकुमार पत्नी को लेने अपनी ससुराल झरकौन आया था जहां पर पंचायत बैठी लेकिन पत्नी ने जाने से मना कर दिया और महिला के पिता और उसके भाइयों ने भी भेजने से इनकार कर दिया। इसके बाद दामाद रामकुमार का शव 14 अप्रैल 2023 की सुबह घर के ही पास स्थित कुएं में पड़ा पाया गया था। इस मामले को लेकर मृतक रामकुमार के भाई राजेश ने अभय सिंह सोहन सिंह और उनके पिता पर अपने भाई की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ 302 201 323 दफा 34 के तहत मामला पंजीकृत क़र कार्यवाही की थी और मृतक के भाई सोन सिंह और उसके पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से लेकर अब तक दोनों परिवारों के बीच रंजिश चल रही थी, जिसका अंजाम अभय सिंह की मौत हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### पारिवारिक विवाद में पुत्रवधू पर लगाया सास ससुर के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला पिसनारी बाग़ में रहने वाले एक बुजुर्ग ने अपनी ही पुत्रवधू पर पारिवारिक विवाद के दौरान उसके और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया। उक्त मामले को लेकर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मुहल्ला पिसनारी बाग़ निवासी ओमकार पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल झा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका परिवारिक बिबाद उसकी ही अपनी पुत्रवधू दीपा पत्नी अंकित झां से चल रहा है, जो उसी के मकान में रहती है। बताया गया है कि दिनांक 1 अगस्त 2026 को दोपहर 2:00 बजे जब वह अपनी पत्नी के साथ घर में मौजूद था, इसी दौरान उसकी पुत्रवधू दीपा ने उसके और उसकी पत्नी के साथ जमकर गाली गलौज की। इस दौरान जब उसकी पत्नी ने बहू की इस हरकत पर विरोध जताया, तब उसकी दबंग बहू ने उसके और उसकी पत्नी के साथ सरेआम मारपीट की। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित बुजुर्ग द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी बहू के खिलाफ 115(2), 352 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### आज भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य रामसिंह वाल्मीकि करेंगे समीक्षा बैठक

ललितपुर। राम सिंह बाल्मीकि सदस्य, सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार अपने भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 12 अगस्त 2026 को प्रातः 11:00 बजे सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे इसके उपरान्त 12 बजे ललितपुर से प्रस्थान झांसी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# साहब.... अब तो हमारे इलाके की सड़क बनवा दीजिए

» पिसनारी में अमृत योजना -2 के तहत पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क बनबाने के लिए मोहल्ले वासियों ने डीएम को दिया ज्ञापन
» बरसात में खुदी सड़क से मुहल्ला में चारों तरह मचा कीचड, गलियाँ खराब होने से बच्चों के स्कूल जाने में हो रहे परेशान, तो वाहन चालक गिरकर हो रहे चोटिल



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

शहर के मोहल्ला पिसनारी बाग़ से निकली नहर के पास बसे मुहल्ले में अमृत योजना-दो के तहत हर घर तक शुद्ध जल पहुंचने के लिए पाइपलाइन डालने हेतु कार्यदाई संस्था द्वारा खोदी गई सड़क और गड्ढों को यूं ही खुला छोड़ दिया गया, जिस कारण मोहल्ले वासियों का जीवन दुबर हो गया है। यहां की सड़क बनवाने के लिए मोहल्ले वासियों ने एक बार फिर जिलाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित होकर ज्ञापन देकर इलाके की सड़क को जल्द से जल्द बनवाए जाने की मांग उठाई। अन्यथा की दृष्टि में सार्वजनिक रूप से सड़क जाम क़र धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। आरोप है कि यहां पर खुदी पड़ी सड़क बरसात के कारण दल दल में तब्दील हो गई है, जिससे मुहल्ले बासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खुले पड़े हुए गड्ढे में कई निजी और कमर्शियल वाहन गिरकर क्षतिग्रस्त हुए, साथ ही मोहल्ले के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और महिलाएं घरेलू काम नहीं कर पा रही हैं।

जनपद के शहरी इलाके में शासन की मंशा के अनुरूप अमृत योजना-दो के तहत कार्य संस्था द्वारा पाइप लाइन डालने का काम किया जा रहा है, ताकि शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंच सके। लेकिन कार्यदाई संस्था के कर्मचारियों द्वारा पाइपलाइन डालने में काफी लापरवाही वर्ती जा रही है, कई मोहल्लों में सड़कें खुदी पड़ी हैं, काफी गहरे गड्ढे यूँ ही खुले छोड़ दिए गये है, जिनमें वाहन गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और आने-जाने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं। बताया गया है कि शहर के पिसनारी बाग़ मुहल्ले में नहर के आस पास बसी बस्ती में कार्यदाई संस्था द्वारा पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क ब गड्डों को यूं ही खुला छोड़ दिया, जिसमें कई निजी और कमर्शियल वाहन गिर रहे हैं और वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं तथा राहगीर और उसमें बैठी सवारियां भी चोटिल हो रही हैं। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि इस मामले को लेकर उन्होंने कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने मामला संज्ञान में नहीं लिया, जिस कारण यहां रोज हादसे हो रहे हैं। इस मामले को लेकर मोहल्ले वासी एक बार फिर एकजुट हुए और मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर उन्होंने ज्ञापन देकर अपने इलाके की सड़कों को जल्द से जल्द बनवाने की मांग उठाई। इसके साथ ही अधिकारियों और कार्यदाई संस्था की लचर कार्यप्रणाली पर मोहल्ले वासियों ने काफी आक्रोश जताया।

वह अब सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे,जिसकी समस्त जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। क्योंकि इस मामले को लेकर वह कई बार अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं लेकिन उनके मोहल्ले में अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। हालांकि जिला अधिकारी ने जल्द ही यहां की सड़क की जल्द ही मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया। दिए गए ज्ञापन पर नीरज साहू आसाराम नफीस सुनीता मनीषा भावना सरिता संगीता सुरेंद्र सिंह बृजेंद्र सिंह, निरंजन झा, उमेश सेन, अभिषेक, मंजू, भारती, धनकुंअर, जयकुअर पुक्खन, रेखा, कैलाश, राहुल, रवि कुमार सहित करीब आधा सैकड़ा लोगों के हास्ताक्षर बने हुए है।

# भेलवारा के नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, इलाके में मची सनसनी

### शव की शिनाख्त में जुटी जाखलौन पुलिस, आसपास के क्षेत्रों में कराया जा रहा पता



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेलवारा में सोमवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के पास स्थित नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। नाले में शव मिलने की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई, मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद जाखलौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 अगस्त 2026 को शाम करीब 7 बजे थाना जाखलौन पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भेलवारा स्थित नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास मौजूद ग्रामीणों से शव के संबंध में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों में से कोई भी मृतक की पहचान नहीं कर सका।

बताया गया है कि मृतक की उम्र और पहचान से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए पुलिस द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थानों को भी जानकारी दिए जाने के साथ ही अन्य आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के बाद ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। लोगों द्वारा अपने-अपने स्तर पर मृतक की पहचान करने का प्रयास किया गया, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाने में लगी है कि मृतक आसपास के किसी गांव का रहने वाला है अथवा किसी अन्य स्थान से यहां पहुंचा था।

पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास भी जांच-पड़ताल की जा रही है। इसके साथ ही मृतक के पास से ऐसी कोई वस्तु अथवा दस्तावेज मिलने की जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल शव की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस के लिए मृतक की शिनाख्त करना प्राथमिक चुनौती बनी हुई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव की शिनाख्त के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद ही मृतक के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और शव मिलने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# फॉलोअपः मां की डांट से आहत किशोरी ने दी थी जान

### घाट के पत्थर पर लिखा- मेरा नाम छवि है, मैं मरने जा रही हूं... लव यू पापा

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

हजारिया महादेव मंदिर के समीप सोमवार को मानसरोवर झील में कूदकर जान देने वाली 14 वर्षीय किशोरी छवि की मौत के मामले में पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि बाल कटिंग को लेकर मां की डांट से वह आहत थी। घटना के बाद परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अपने पैतृक घर उरई ले गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार को मंदिर परिसर में आस्थावानों की भीड़ और महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच किशोरी झील में कूद गई। भीड़ के शोरगुल के बीच उसकी चीख किसी को सुनाई नहीं दी। घाट पर पुलिस व्यवस्था होने के बावजूद किशोरी के झील तक पहुंचने का पता नहीं चल सका।

पुलिस के अनुसार किशोरी ने झील में कूदने से पहले घाट के पत्थर पर लिखा था, मेरा नाम छवि है और मैं मरने जा रही हूं... लव यू पापा।'

प्रभारी निरीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि किशोरी बॉय कट बाल रखना चाहती थी, जिसको लेकर उसकी मां ने उसे डांट दिया था। शुरुआती जांच में इसके अलावा आत्मघाती कदम उठाने की कोई अन्य वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विश्वकर्मा पूजन महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक



स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

आगामी 17 सितंबर को ललितपुर के तुवन मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ब्लॉक तालबेहट की बैठक गायत्री विवाह घर में हुई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य बनाने और अधिक से अधिक समाज बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि समाज के जिलाध्यक्ष विजय डयोडिया ने कहा कि समाज को एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए समाज का संगठित होना जरूरी है। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने समाज को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान कैलाश नारायण झा पिपरिया, डॉ. हरीश चंद्र झा, डॉ. रवि वर्मा, विजय किशोर सोनी, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, रामदीन विश्वकर्मा, पीएल विश्वकर्मा, हुकम सिंह झा, रामप्रकाश झा, ब्रजकिशोर झा, बालचंद झा और दाताराम झा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक पर जानलेवा हमला, इलाज के दौरान मौत

» गढ़ाघाट पेट्रोल पंप के पास रोककर मारपीट का आरोप
» सिर में पत्थर लगने से हुआ था गंभीर घायल
» बीच-बचाव करने पहुंची बेटी से भी मारपीट

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रहे एक शिक्षक पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गढ़ाघाट पेट्रोल पंप के पास हुई मारपीट में सिर पर पत्थर लगने से गंभीर रूप से घायल शिक्षक को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना में शामिल आरोपी और मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। गौरा निवासी केहर सिंह पुत्र सागर सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बहनोई झरकौन निवासी अभय सिंह पुत्र मगन सिंह कचनौंदा कला स्कूल में अध्यापक थे। 10 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 2.50 बजे अभय सिंह स्कूल में पढ़ाने के बाद अपनी पुत्री भाग्यश्री और स्कूल के ही अन्य शिक्षक महिपाल के साथ घर लौट रहे थे। आरोप है कि गढ़ाघाट पेट्रोल पंप के पास पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर आरोपियों ने अभय सिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान अभय सिंह की बेटी भाग्यश्री ने शोर मचाते हुए बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। तहरीर के मुताबिक, मारपीट के दौरान हमलावरों ने अभय सिंह के सिर पर पत्थर से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। राहगीरों के हस्तक्षेप करने पर आरोपी मौके से भाग निकले। इस दौरान आरोपियों की पिकअप वाहन संख्या एमपी-09 जीजी-2984 मौके पर ही छूट गई। घटना के बाद साथी शिक्षक महिपाल घायल अभय सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल ललितपुर लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार दौराने उपचार अभय सिंह की मृत्यु हो गई। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने सात नामजद आरोपियों और एक अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 119(1), 352, 115(2), 110 और 126(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। नामजद आरोपियों में ग्राम झरकौन निवासी तुलसी पुत्र जोरावल, चंदन पुत्र जोरावल, मोर सिंह पुत्र जोरावल, मनोहर पुत्र जोरावल, मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के थाना सहराई क्षेत्र के ग्राम ठाठखेड़ी निवासी राजेश पुत्र रामदास और देवेंद्र पुत्र रामदास शामिल हैं। मामले में एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के अनुसार 10 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोखरा में अभय सिंह के साथ मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। उपचार के दौरान अभय सिंह की मृत्यु हो गई। सीओ सदर ने बताया कि पुलिस की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं और अभय सिंह के साथ उनके जीजा के पारिवारिक जनों द्वारा मारपीट की घटना कारित की गई। मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### श्रावण शिव चतुर्दशी पर निकली भव्य जलाभिषेक यात्रा, नीलकंठ महादेव का हुआ सामूहिक जलाभिषेक



पाली। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रावण शिव चतुर्दशी के पावन अवसर पर प्रयाग पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से भगवान श्री नीलकंठ महादेव जी के सामूहिक जलाभिषेक का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।सामूहिक जलाभिषेक यात्रा का शुभारंभ हजारिया महादेव मंदिर से हुआ,यात्रा पुराना बस स्टैंड, कन्या पाठशाला तिराहा, मुख्य बस स्टैंड, नगर पंचायत तिराहा, मुख्य बाजार, रेंज चौकी, पान मंडी एवं नदवानी बगीचा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली।यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए और भक्ति में सराबोर होकर आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान डीजे,ढोल-नगाड़ों और भजनों से पूरा नगर पाली शिवमय नजर आया,इसके बाद जलाभिषेक यात्रा श्री नीलकंठेश्वर धाम पहुंची,जहां विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री नीलकंठ महादेव जी का सामूहिक जलाभिषेक किया गया।श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।आयोजन के दौरान पूरे नगर में धार्मिक एवं उत्सव का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था।इस मौके पर मनीष तिवारी, महेश ताम्रकार,अमित पांडे,राजेश सोनी, घनश्याम चौरसिया,सुनील नामदेव,रानू दुबे, प्रियंक जैन,प्रशांत साहू,पुनीत चौरसिया, शिववू चौरसिया,सुमित साहू,ऋतिक साहू, महेश पटवारी,राजकपूर चौरसिया,रामजी सोनी परसू सोनी सहित नगर के श्रद्धालु मौजूद रहे।

### राजर्षी पुरुषोत्तम दास टंडन राजकीय महाविद्यालय में निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली का आरोप



छात्रों ने ज्ञापन देकर ऑनलाइन शुल्क जमा करने की सुविधा नहीं देने की भी शिकायत

तालबेहट । कस्बा तालबेहट के राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन राजकीय महाविद्यालय में निर्धारित प्रवेश शुल्क से अधिक राशि वसूले जाने और ऑनलाइन शुल्क जमा करने की सुविधा नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी को सामूहिक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों का निर्धारित शुल्क 1153 रुपये तथा एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों का 1021 रुपये निर्धारित किया गया है। आरोप है कि इसके बावजूद सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के छात्रों से 1220 रुपये तथा एससी-एसटी वर्ग के छात्रों से 1100 रुपये शुल्क लिया जा रहा है।

छात्रों का आरोप है कि ऑनलाइन शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें स्वयं ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अनुमति नहीं दी जा रही है और महाविद्यालय में ही शुल्क जमा करने के लिए कहा जा रहा है। इससे विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। छात्रों ने मामले की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर निर्धारित शुल्क से अधिक ली गई राशि वापस कराने, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा नियमानुसार ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन पर कई छात्रों के हस्ताक्षर हैं।

# खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा ने कन्या प्राथमिक विद्यालय कुम्हेड़ी का किया औचक निरीक्षण

### भौतिक परिवेश मिला मनमोहक




स्वतंत्र प्रभात | महरौनी

कन्या प्राथमिक विद्यालय कुम्हेड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी नीतू वर्मा का आत्मीय स्वागत किया गया।

निरीक्षण में नामांकन 145 के सापेक्ष 120 छात्र - छात्राएं उपस्थित मिले,समस्त स्टाफ उपस्थित मिला।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा ने विद्यालय में बच्चों के शैक्षिक स्तर, शिक्षण-अधिगम गतिविधियों एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षिक ज्ञान का आकलन भी किया,जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी ने विद्यालय के भौतिक परिवेश की जमकर सराहना की गई, विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों, पुस्तकालय की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा स्मार्ट कक्षा के माध्यम से बच्चों को दी जा रही शिक्षण सुविधाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन एवं शैक्षिक वातावरण की भी सराहना की गई। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका जैन ने खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा के आगमन एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

# दिदौनियां में गूंजे भारत माता की जय के जयकारे, निकली भव्य तिरंगा रैली

### राजकीय हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर दिया राष्ट्रप्रेम, एकता और अखंडता का संदेश




स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजकीय हाईस्कूल दिदौनियां में मंगलवार को भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की भावना को जागृत करना रहा। रैली को विद्यालय परिसर से रवाना किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए। रैली अमौदा गांव एवं दिदौनियां गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को देश प्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों के दायित्वों के प्रति जागरूक किया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने ग्रामीणों का भी ध्यान आकर्षित किया। रैली के समापन पर विद्यालय परिसर में राष्ट्रगान किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम पाल सिंह राजपूत ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना योगदान दे। इस दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षिका शायना बानो, दीन मुहम्मद, रामपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, कु.खुशी राजपूत एवं पूजा रजक सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# वीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती पर होगा भव्य आयोजन, प्रतिमा निर्माण शुरू

**13 अगस्त को मैरिज गार्डन में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान**

**रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित**

**ललितपुर**। जिला राठौर क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में वीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जन्म जयंती 13 अगस्त 2026, गुरुवार को सिविल लाइन स्थित मैरिज गार्डन में धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती समारोह को लेकर समाज के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ ही रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाजसेवियों के सम्मान का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर (पत्रकार) ने बताया कि जयंती समारोह में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समाज हित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा। वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा स्थापना को लेकर भी समाज में उत्साह का माहौल है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन और ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के प्रयासों से पुराने मोटर स्टैंड के पास प्रतिमा स्थापना के लिए निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार इस कार्य में पार्षद आलोक मयूर, जितेंद्र राठौर जीतू तथा जिला मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर सहित राठौर समाज के लोगों का सहयोग मिल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूतेश्वर मंदिर पर आज किया जाएगा भोलेनाथ का जलाभिषेक

**कोंच(जालौन)-** सावन के पावन अवसर पर बुधवार को होने वाले जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तों में उत्साह देखने को मिला। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर सेवड़ा के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूरा माहौल बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। शिवभक्त सेवड़ा सनकुआ से कांवड़ में पवित्र जल लेकर 55 किलोमीटर पैदल चलकर बुधवार को कोंच वापस लौटेंगे। इसके बाद चंदकुआ स्थित प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर में शाम को भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया जाएगा। जलाभिषेक को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां की जा रही हैं। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। बुधवार शाम को हर-हर महादेव के जयकारों के बीच भूतेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

### तिरंगा यात्रा पर 12 को रहेगा रुट डायवर्सन

**कानपुर।** हर घर तिरंगा अभियान' के अन्तर्गत सरसैया घाट चौराहा से ग्रीन पार्क चौराहा तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम दिनांक 12.08.2026 को प्रस्तावित है उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत समय प्रातः 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात डायवर्सन रहेगा। कंपनी बाग चौराहा की ओर से आने वाले समस्त प्रकार के वाहन मर्चेंट चैम्बर तिराहा से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मर्चेंट चैम्बर तिराहा से दाहिने मुड़कर सिलवर्टन तिराहा से बाएं मुड़कर एम.जी. कॉलेज चौराहा होते हुए अथवा सिलवर्टन तिराहा से लाल इमली चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। फूलबाग की ओर से आने वाले समस्त प्रकार के वाहन मेघदूत तिराहा से वीआईपी रोड/सरसैया घाट की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मेघदूत तिराहा से बड़ा चौराहा, परेड चौराहा एवं लाल इमली चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। बड़ा चौराहा की ओर से आने वाले कोई भी वाहन चेतना चौराहा एवं सरसैया घाट चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। गुप्तार घाट की ओर से आने वाले समस्त प्रकार के वाहन वीआईपी रोड / सरसैया घाट चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन गुप्तार घाट से बाएं मुड़कर मेघदूत तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

### सावन शिवरात्रि पर पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में हुआ रुद्राभिषेक, यजमानों ने की पूजा-अर्चना



**बरेली/रिठौरा।** सावन शिवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार को नगर के पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में भक्तिभाव के साथ रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग का जल, दूध, दही, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। पूजा का शुभारंभ पंडित रजत मिश्रा और प्रशांत पाठक द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। यजमान के रूप में सिद्धार्थ महाजन, वशिष्ठ प्रदीप, प्रदीप कुमार गुप्ता, वर्षा गुप्ता, राजो देवी, रामौतार, शिखा गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता और दिव्यांश गुप्ता , रंजीत यादव,सरोज कुमार गुप्ता,ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान में रेखा गुप्ता, विमला शर्मा, गीता गुप्ता, रामासरे गुप्ता, सैजल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने शिव परिवार की आराधना कर सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। स्कूल परिसर को फूलों और दीपों से सजाया गया था। 'नमः शिवाय' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### महिला उप निरीक्षक ने पेश की मानवता की मिशाल पेश

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला छोटी मे स्थित शिव मंदिर पर सावन माह के चलते लाखो कांवडिये दूर दराज चलकर से कांवड लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे है। इस दौरान उसमे विकलांग व द्रस्टि बाधित व बृद्ध कांवडियो व महिलाओ को वहां तैनात महिला उप निरिक्षक सर्वेश मौर्य ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए इन लोगो को भारी भीड भाड मे सुगमता से उनको पकड कर दर्शन व जलाभिषेक करा रही है। इस कार्य को देखकर जिले की पुलिस कप्तान ख्याति गर्ग के सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी महेक शर्मा व गोला कोतवाली निरीक्षक अंबर सिंह के सहित वहां हजारो की संख्या मे तैनात पुलिस कर्मियो व मंदिर कमेटी के पदाअधिकारियो के सहित महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य की भूरि भूरि प्रशंसा की है। लेकिन महिल उपनिरीक्षक कहती है यह तो हमारा फर्ज है।

# जिम पर बुलाया फिर ट्रांसजेंडरों को पीटा, जिम के संचालक समेत 2 गिरफ्तार

## घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद प्राथमिकी दर्ज हुई, आरोपी गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली।** ट्रांसजेडरों को पीटने और अभद्रता करने वाले हीलियस जिम संचालक समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को दोनों को चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जमानत दे दी गई। प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी ट्रांसजेंडर ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात उनके पास उनके मुंह बोले भाई विशाल का फोन आया। विशाल ने कहा कि उसकी गाड़ी रामपुर गार्डन स्थित हीलियस जिम के बाहर तोड़ दी गई है। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ पहुंची और जिम संचालक से बातचीत की। बातचीत में जिम मालिक अश्वनी शर्मा ने आश्वासन दिया कि वह कार तोड़ने वाले की तलाश कर लेंगे। आरोप है कि उसी रात करीब 10 बजे जिम मालिक अश्वनी का फोन आया कि जिम पर आ जाओ गाड़ी तोड़ने वाले का पता चल गया है। जब वह वहां अपने साथियों के संग पहुंची तो जिम संचालक अश्वनी व उसके साथियों सुशील, अंकित, अजय व चार अज्ञात लोगों ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी मारपीट और छेड़छाड़ की। आरोप है कि गला दबाकर हत्या का भी प्रयास किया। मामले में कोतवाली पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी और सोमवार को जिम संचालक अश्वनी शर्मा व उसके साथी सुशील को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### गल्ला मंडी परिसर में मूंग खरीद के लिए सरकारी केंद्र हुए चालू

**कोंच(जालौन)-** किसानों की मांग पर लंबे समय के बाद कोंच में मूंग की फसल खरीदे जाने के लिए चार खरीद केंद्र खोल दिए गए हैं, जिसमें से एक केंद्र चालू भी हो गया हैं। इस बार शासन द्वारा मूंग का 8768 रुपए समर्थन मूल्य नियत किया गया है। नवीन गल्ला मंडी कोंच में बी-पैक्स लिमिटेड तीतरा खलीलपुर, बी-पैक्स लिमिटेड दिरावटी, बी-पैक्स लिमिटेड जुझारपुरा और बी-पैक्स लिमिटेड किशुनपुरा द्वारा कुल चार सरकारी मूंग खरीद केंद्र खोले गए है, जिनमें से मंगलवार को बी-पैक्स लिमिटेड तीतरा खलीलपुर का केंद्र चालू कर दिया गया है। पहले दिन 6 किसान केंद्र पर अपनी मूंग की फसल बेचने पहुंचे। केंद्र प्रभारी बृजकिशोर ने बताया कि अभी तक 50 किसानों ने नम्बर लगाए हैं जिनमें से 23 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। वहीं बाकी के तीन केंद्र भी अगले तीन-चार दिन में चालू होने की संभावना है। एसडीएम अभिनव कुमार ने बताया कि कोंच गल्ला मंडी में चार मूंग खरीद केंद्र खोले गए हैं जिनमें से एक केंद्र चालू हो गया है, आईडी में तकनीकी समस्या आने से बाकी तीन केंद्र अभी चालू नहीं हो पाए हैं, जल्द से जल्द इन तीनों केंद्रों को चालू करने के लिए केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# सनशाइन हॉस्पिटल कांवड़ियों को दे रहा निःशुल्क चिकित्सा सेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** पवित्र सावन माह में छोटी काशी गोला में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंच रहे लाखों कांवड़ियों और शिवभक्तों का सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के कई जिलों से कांवड़ लेकर लाखों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर छोटी पहुच रहे हैं। ऐसे में पैदल चलने के कारण श्रद्धालुओं को पैरों में सूजन,घाव,मांस पेशियों में खिंचाव एवं थकान की दिक्कत से उनको सामना करना पड़ता है। जिसके मद्देनजर सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के संचालक एवं भाजपा नेता डॉक्टर कौशल वर्मा के द्वारा मेले की शुरुआत में एक चिकित्सा सेवा रथ एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।जिस पर दवाइयों एवं संसाधन के साथ मौजूद स्टाफ कांवड़ियों की सेवा में लगा हुआ है। निःशुल्क सेवा का कांवड़िए फायदा उठा रहे हैं। सेवा रथ गोला क्षेत्र की खुटार,मोहम्मदी लखीमपुर रोड पर घूम कर चिकित्सीय सुविधा देने का काम कर रहा है। डॉ.ने कहा कि 'सावन का महीना सनातन संस्कृति की अगाध श्रद्धा,आस्था और समर्पण का प्रतीक है। दूर-दूर से अपनी मनोकामनाएं और बाबा भोलेनाथ के प्रति अटूट भक्ति लेकर आ रहे कांवड़िए हमारे पूज्य मेहमान हैं। इन शिवभक्तों की सेवा करना मेरे लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है।

# भाजपा सुंदरी मंडल की तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** विकासखंड भदपुरा मैं आज ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के साथ भक्ति तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया इस तिरंगा यात्रा में एस एस टी पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इसमें कई झांकियां प्रस्तुत की गई इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा का आयोजन भदपुरा प्रांगण से प्रारंभ की गई इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए तिरंगा यात्रा के साथ क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक देव सिंह इंस्पेक्टर क्रीम श्रवण कुमार उप निरीक्षक सौरभ कुमार एवं भारी पुलिस बल मौजूद रहा शान और शौकत के साथ यह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया इसका नेतृत्व यहां के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ विधायक डॉक्टर आर्य। डॉक्टर मीनाक्षी नंदकिशोर एस एस टी पब्लिक इंटर कालेज के प्रबंधक सुरेंद्र वीर गंगवार यहां पर उपस्थित भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा मंडल के प्रभारी अंकित शुक्ला सुंदरी मंडल अध्यक्ष खेमकरण गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार मीरा गगवार। आशा वर्को की जिला अध्यक्ष राम नंदकिशोर हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल गंगवार मुकेश दिवाकर महेंद्र पाल इंद्रपाल यज्ञदेव राकेश कुमार टी आर गंगवार भानु पताप अजय पाल सिंह ठाकुर विनयसिंह महेश पाली समेत भारी संख्या में उपस्थित थे।

### कच्चे रास्ते से परेशान लोगों ने एसडीएम से लगाई गुहार



**कोंच(जालौन)-** पूरी तरह से मिट्टी युक्त कच्चे रास्ते पर, खासकर बारिश के दिनों में, आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर शंभूशाह मंदिर के पीछे स्थित कॉलोनी के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उक्त स्थान पर पक्की सड़क बनवाए जाने की गुहार लगाई है। मोहल्ला गोखलेनगर में शंभूशाह मंदिर के पीछे कॉलोनी में रहने वाले दर्जनों लोगों ने मंगलवार को एसडीएम अभिनव कुमार को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि बारिश के मौसम में कच्चा रास्ता पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गया है जिस पर पैदल भी नहीं चला जा सकता है। आवागमन में स्कूली बच्चों सहित महिलाओं और बूढ़ों को सर्वाधिक परेशानी उठानी पड़ रही है और आए दिन वाहन फंस रहे हैं, गिर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने उक्त रास्ते को जनहित में पक्का बनवाए जाने की मांग एसडीएम से की है। शिकायतकर्ताओं में मोहन सिंह, श्याम नरेश, बालकिशुन, पवन कुशवाहा, रमाकांत, खेमचंद्र, चंद्रमोहिनी, प्रदीप, खुशी, महादेवी, बृजनन्दन, नवल किशोर, रामबाबू आदि शामिल रहे।

# कैलिया में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव दिवस का संदेश जन जन तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय सांगठनिक नेतृत्व के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंडल स्तर पर निकाली जा रही तिरंगा यात्रा यहां कैलिया में पूरे उल्लास के साथ निकाली गई। माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कोंच ग्रामीण मंडल द्वारा मंगलवार को कैलिया में निकाली गई तिरंगा यात्रा की शुरुआत पंचायत भवन से विधायक मूलचंद्र निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल बोहरा ने तिरंगा ध्वज लहराकर की। तिरंगा यात्रा समूचे कैलिया का भ्रमण कर पुनः पंचायत भवन पहुंची जहां स्वतंत्रता की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वाले माँ भारती के वीर अमर सपूतों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा नेता, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और बच्चे अपने हांथों में तिरंगा ध्वज लहराते हुए 'वंदे मातरम' और भारत माता की जय का उद्घोष कर आगे बढ़ रहे थे जबकि युवा डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों पर झूमते नाचते साथ चल रहे थे। भारत माता एवं महारानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में सजकर बग्घी पर सवार बालिकाएँ आकर्षण के केंद्र में रही। वहीं यात्रा के समापन अवसर पर विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पूर्व मंडल के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अतिथि नेताओं का माल्यार्पण और बैज अलंकरण कर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में सुरक्षात्मक दृष्टि से थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल की अगुवाई में पुलिस बल मुस्तैद रहा। इस मौके पर मंडल प्रभारी नीरज दुबे,



अमित निरंजन, मनोज पालीवाल, शीतल सेंगर, बलराम तिवारी, रमेश मिश्रा, उदयवीर गुर्जर, सुनील शर्मा, अवधेश पटेल पचीपुरी, विकास पटेल, गौरी चबोर, रामलला पटेल, अवधेश पटेल, नारायण सिंह सहित तमाम गांवों के प्रधान, बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

# पति की मारपीट से परेशान विवाहिता ने किया सुसाइड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र में पति की आए दिन की मारपीट से परेशान होकर विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी आत्महत्या से पहले विवाहिता ने तीन पेज का सुसाइड नोट लिखा,सब लोगों ने मिलकर हमें बहुत परेशान कर लिया था,,रोज मारपीट करते थ फ़ोन से गाली देते थें हमारा सारा पैसा और ज़ेवर उठा ले गए और हमें हमारे बच्चों को मरने के लिए छोड़ दिया, घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे म्रतका के परिजनों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया,, घटना के बाद पति समेत ससुराली जन फरार हो गए,, आपको बताते चलें कि कानपुर देहात शिवली के रैपालपुर गांव निवासी मजदूर नवाब सिंह ने बताया कि उनके छह बच्चे, शिव सिंह, राधा, सुमन 29 बाबू,बिट्टो,व आदर्श है, सुमन की शादी 09 साल पहले थाना बिधनू क्षेत्र के गुरु का पुरवा, गांव निवासी बस चालक इंद्रजीत सिंह से की थी,, उनके दो बच्चे श्याम 07 वर्ष भूमि 04 वर्ष है,नवाब के मुताबिक शादी के बाद से पति समेत ससुरालीजन बेटी से प्लांट खरीदने के लिए दहेज़ में 10 लाख रुपए की मांग करते थें मना करने पर आए दिन मारपीट करते थे शादी के दो साल बाद दहेज़ की मांग पूरी न करने पर पति ने मारपीट कर बेटी को नहर में फेंक दिया था,,जिस पर रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों के बीच में समझौता करा दिया, बताया कि चार साल से इंद्रजीत और पत्नी बच्चों के साथ मामा की दी हुई जमीन पर घर बना कर रहने लगा,, इसके बाद 19 मई को इंद्रजीत ने बेटी के साथ दोबारा मारपीट की थी, जानकारी पर वह बेटी व बच्चों को को अपने साथ घर ले आए थे,पति के दोबारा मारपीट न करने के आश्वासन पर 28 जुलाई को बेटी को मायके से भेजा था , पड़ोसियों ने बेटी के फंदे पर लटके होने की जानकारी दी, पिता नवाब ने बताया कि मौके पर पहुंचे तो बच्चे श्याम व भूमि ने बताया कि सुबह स्कूल जाने के दौरान पापा ने मम्मी के साथ मारपीट की थी,जब वह स्कूल से लौटे तो मम्मी फंदे से लटकी हुई थी,, म्रतका के कपड़े फटे हुए मिलने पर परिजनों ने हत्या कर शव फंदे में लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस, जांच के दौरान पुलिस को तीन पेज का सुसाइड नोट मिला,जो कि फटा हुआ था,, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गुजैनी में धमकी देने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** घर पर ईंट-पत्थर से हमला, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गुजैनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कमिश्नरेट कानपुर पुलिस के अनुसार वादी मुकदमा निखिल तिवारी पुत्र सुधीर तिवारी, निवासी ग्राम मर्दनपुर, थाना गुजैनी, कानपुर नगर द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 9.08.2026 को थाना गुजैनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वादी निखिल तिवारी ने बताया कि दिनांक 6.08.2026 को प्रातः करीब 3:00 बजे अभियुक्त पंकज ठाकुर पुत्र प्रमोद सिंह, निवासी मकान नं0 13, कालिका नगर, गोपालपुर, थाना पनकी, कानपुर नगर, सनी गुप्ता पुत्र अज्ञात तथा 2 अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के घर के दरवाजे पर ईंट-पत्थर से हमला किया गया तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त प्रकरण की विवेचना के क्रम में थाना गुजैनी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त पंकज ठाकुर उपरोक्त को आज दिनांक 11.08.2026 को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना पनकी का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरुद्ध पूर्व में कुल 16 अभियोग पंजीकृत होना प्रकाश में आया है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### मईपुर में युवाओं ने घायल गो वंश की मदद की

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर नगर के बिधनू ब्लांक के रमईपुर क़स्बे में युवाओं का एक समूह घायल और बीमार गो बशो की मदद के लिए आगे आए,ये युवा सड़क पर पड़े बेजुबान पशुओं की सेवा में तुरंत जुट जाते हैं,, साथ ही रमईपुर चौराहे के पास सड़क किनारे एक गाय गंभीर हालत में मिली,,यह खेतों में लगे कंटीले तारों में उलझनें से बुरी तरह घायल हो गई, और दर्द से तड़प रही थी ,,,गाय की हालत देख कर सोनू यादव, जिला पंचायत प्रत्याशी सूर्या सिंह और शीलू ठाकुर, सहित आधा दर्जन लोग तुरंत पहुंचे,, उन्होंने पहले पानी से घाव साफ किए, फिर दवा लगाकर पट्टी की,, युवाओं की समय से मदद से गाय को काफ़ी राहत मिली अब उसकी हालत में सुधार हैं युवा नेता सूर्या सिंह ने बताया कि उनकी टीम इसी तरह बेजुबानों की सेवा करतीं रहेंगी।

### तिरंगे के रंग में रंगेगा शहर, तिरंगा यात्रा से लेकर तिरंगा मेले और तिरंगा कंसर्ट का होंगा आयोजन

**कानपुर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 12 और 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा, तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें शहीद परिवारों और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करने के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। परियोजना निदेशक डीआरडीए आलोक कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह नौ बजे सरसैयाघाट से ग्रीनपार्क तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर माननीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन यात्रा में शामिल होंगे मोतीझील के लॉन नंबर एक में 12 से 15 अगस्त तक चार दिवसीय तिरंगा मेला सजेगा। मेले का उद्घाटन बुधवार सुबह 11 बजे होगा। तिरंगा थीम पर आयोजित मेले में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाली विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं, 13 अगस्त को दोपहर तीन बजे नानाराव पार्क के फूलबाग गेट नंबर एक पर तिरंगा कंसर्ट होगा। इसमें शहीद परिवारों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। दिव्यांगजन एवं नन्हे कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश देंगे।

# डामरीकरण, इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्यों का विधायक ने किया भूमि पूजन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मंगलवार को माधोगढ़ विधानसभा/कोंच ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम फुलैला और कूंडा में डामरीकरण सड़क सहित इंटरलाकिंग एवं पक्की नाली निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। ग्राम फुलैला में बुंदेलखंड विकास निधि योजना के अंतर्गत फुलैला से जिला झांसी बॉर्डर स्थित गांव इमिलिया तक 1.100 किमी लंबी दूरी की जर्जर पड़ी सड़क का 85 लाख रुपए की लागत से नए सिरे से निर्माण कार्य कराए जाने के साथ ही फुलैला गांव में 500 मीटर लंबी दूरी के रास्ते पर इंटरलॉकिंग और पक्की नाली का 43 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य कराए जाने के लिए विधायक ने उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। इसी के साथ ग्राम कूंडा में भी त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय से पंचायत घर तक 40 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य हेतु विधायक ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बीच विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य है, एक भी गांव में जर्जर सड़क न रहने पाए। मुख्य सड़कों के साथ ही गांवों के संपर्क मार्गों की सभी सड़कें दुरुस्त बनाने के लिए वह लगातार काम कर रहे हैं। पानी निकासी कि भी समुचित व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग पर सभी विकास कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। इससे पहले ग्राम प्रधान की अगुवाई में ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेहजम में मंडल अध्यक्ष छोटू शुक्ला ने निकली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे भारत माता के जयकारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेहजम खीरी खीरी।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार को कस्ता विधानसभा के बेहजम मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला (केके) छोटू भैया के तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा बेहजम स्थित गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर करीब चार किलोमीटर दूर लखनापुर स्थित बालाजी मंदिर तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, छात्रों, युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों से पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, मंडल प्रभारी रामनरेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष राकेश गिरि, योगेश कुमार शुक्ला, मंडल महामंत्री अभिषेक पाण्डेय, राकेश वर्मा, मंडल मंत्री गौरव दीक्षित, रामपाल मौर्य, कोषाध्यक्ष रोशन लाल यादव, आईटी विभाग से अजीत प्रताप सिंह, सुरजीत शर्मा, अतुल शुक्ला, मयंकेश्वर दत्त सिंह सहित सभी शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**दिव्यांग आजाद गाजी ने बढ़ाया हौसला**

तिरंगा यात्रा का सबसे भावुक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब दोनों हाथों और पैरों से दिव्यांग आजाद गाजी उर्फ अज्जा तिरंगा लेकर यात्रा में सबसे आगे चलते नजर आए। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद देश के प्रति उनका जज्बा और भारत माता के प्रति सम्मान देखते ही बन रहा था। तिरंगा लेकर आगे बढ़ते आजाद गाजी ने यात्रा में शामिल लोगों में भी उत्साह और देशभक्ति का संचार किया। उनका जज्बा सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र बना रहा। राष्ट्रप्रेम और एकता का दिया संदेश भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान तथा करोड़ों देशवासियों की एकता और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियानों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना और मजबूत हुई है। मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला (केके) छोटू ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होती है और लोगों को देश की एकता एवं अखंडता के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलती है।

**सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा पुलिस प्रशासन**

तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहजम पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव अपने पुलिस बल के साथ पूरी यात्रा में मौजूद रहे और यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को संभालते हुए नजर आए।

पुलिस टीम ने यात्रा के दौरान मार्ग पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार मशक्कत की, जिससे तिरंगा यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। यात्रा के समापन पर सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने तथा देशहित में सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

# ब्रह्मपुत्र नहीं, नागालैंड की असामान्य बारिश बनी असम की जुलाई बाढ़ की बड़ी वजह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमिः** असम में जुलाई में आई भयावह बाढ़ का प्रमुख कारण ब्रह्मपुत्र नदी का उफान नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्य नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में हुई असामान्य बारिश थी। पहाड़ियों से अचानक भारी मात्रा में पानी दक्षिणी तट की सहायक नदियों में पहुंचा, जिससे दिकहौ, दिसांग, जांजी और धनसिरी जैसी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा। यह निष्कर्ष असम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में तैयार एक अध्ययन में सामने आया है। असम विश्वविद्यालय में मंगलवार को जारी 'असम की बाढ़-2026 : व्यापक स्थिति मूल्यांकन और लचीले पुनरुद्धार की दिशा' रिपोर्ट में बाढ़ प्रबंधन के मौजूदा तौर-तरीकों में व्यापक बदलाव की जरूरत बताई गई है। अध्ययन में सैटेलाइट तस्वीरों और भौगोलिक सूचना प्रणाली (त्रढ्ढस्) के इस्तेमाल से क्षेत्र-विशिष्ट पूर्व चेतावनी व्यवस्था विकसित करने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून से 29 जुलाई के बीच असम में सामान्य 839.6 मिलीमीटर के मुकाबले केवल 594.4 मिलीमीटर बारिश हुई, यानी करीब 29 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। इसके बावजूद 19 जुलाई को नागालैंड में सामान्य से 181 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। मोकोकचुंग जिले में यह आंकड़ा सामान्य से 493 प्रतिशत अधिक रहा। पहाड़ी क्षेत्रों से तेजी से बहकर आया पानी असम की दक्षिणी तटवर्ती सहायक नदियों में पहुंचा और कई स्थानों पर जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। अध्ययन में कहा गया है कि कई इलाकों में सहायक नदियों में बाढ़ की स्थिति ब्रह्मपुत्र के मुख्य प्रवाह के अपने उच्चतम जलस्तर तक पहुंचने से पहले ही गंभीर हो गई थी। नागालैंड के डोयांग जलाशय से पानी छोड़े जाने की घटना ने धनसिरी नदी घाटी की स्थिति को और जटिल बनाया। शोधकर्ताओं के मुताबिक, बाढ़ को विकराल बनाने में सिर्फ असामान्य बारिश ही जिम्मेदार नहीं थी। मिट्टी की पानी सोखने की क्षमता में कमी, भूस्खलन, जलाशयों की भंडारण क्षमता पूरी होने पर अतिरिक्त पानी छोड़ा जाना, नदियों में गाद का जमाव, कमजोर और पुराने बांध तथा आर्द्रभूमियों एवं जलाशयों का लगातार सिकुड़ना– इन सभी कारकों ने मिलकर आपदा की गंभीरता बढ़ाई। रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दशकों में ऊपरी असम में आई सबसे गंभीर बाढ़ की घटनाओं में से एक में 100 से अधिक लोगों की मौत हुई, करीब 2.12 लाख लोग विस्थापित हुए और लगभग 21 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई। नदी का जलस्तर नहीं, संभावित नुकसान की चेतावनी. अध्ययन में मौजूदा बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि सिर्फ यह बताना पर्याप्त नहीं है कि किसी नदी का जलस्तर कितना बढ़ेगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को यह भी बताना चाहिए कि कौन-से इलाके जलमग्न हो सकते हैं, कितने लोग प्रभावित होंगे और किन बुनियादी सुविधाओं को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इसके लिए सैटेलाइट इमेजरी, GIS और स्थानीय स्तर के आंकड़ों को जोड़कर क्षेत्र-विशिष्ट बाढ़ जोखिम मानचित्र तथा चेतावनी प्रणाली विकसित करने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में असम के पांच भौगोलिक क्षेत्रों के लिए अलग-अलग बाढ़ प्रबंधन रणनीति अपनाने, नदी कटाव को आधिकारिक रूप से आपदा की श्रेणी में शामिल करने और चार क्षेत्रों में रहने वाले प्रभावित लोगों के लिए मुआवजा एवं राहत की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया है।

इसके साथ ही आर्द्रभूमियों के पुनरुद्धार, बांधों के आधुनिकीकरण और हर मानसून के बाद सैटेलाइट तस्वीरों की मदद से बाढ़ से हुए नुकसान का व्यवस्थित आकलन करने की सिफारिश की गई है। अध्ययन को असम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुणज्योति नाथ, अदिति नाथ, अर्णब पाल और अनिमेष हाजरिका ने तैयार किया है। इसमें इंटरनेशनल वाटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और आदमास यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने भी योगदान दिया है।

## नीमगांव में 8 महीने में अपराध पर कड़ी लगामः 5 मुठभेड़, 1 दर्जन से अधिक घटनाओं का खुलासा

**नीमगांव, लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर के नीमगांव में थाना प्रभारी प्रवीर कुमार गौतम के 8 महीने के कार्यकाल में अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त रुख देखने को मिला है। इस दौरान पुलिस ने 5 मुठभेड़ों को अंजाम देते हुए कई वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 26 नवंबर 2025 को कार्यभार संभालने के बाद से थाना प्रभारी के नेतृत्व में डकैती, लूट और चोरी की लगभग एक दर्जन घटनाओं का खुलासा किया गया है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना क्षेत्र में चर्चित सिकंदराबाद डकैती कांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद बेहजम पुलिस चौकी के पीछे हुई चोरी की घटना में भी पुलिस ने शातिर आरोपी 'सेठ' को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा। बताया जाता है कि 'सेठ' पर खीरी सहित कई जनपदों में तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार आशा बहू से लूट के मामले में भी पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान सरगना मौजीराम के पैर में गोली लगी। एस पी लखीमपुर ने थाना प्रभारी प्रवीर गौतम व टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# टिब्बा इलाके में लाश मिलने के मामले में एक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** लुधियाना के टिब्बा बाना इलाके की एक गली में कपड़े में लिपटी मिली एक अनजान व्यक्ति की लाश के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान लुधियाना के पिंड नगर निवासी हरमन कुमार के रूप में हुई है। 6 अगस्त को न्यू शक्ति नगर इलाके में एक व्यक्ति ने अपने घर के बाहर गली में कपड़े में लिपटी एक लाश देखी। लाश के सिर और चेहरे पर खून के निशान थे। सूचना मिलने के बाद टिब्बा पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा दर्ज मामले में अनजान लोगों के खिलाफ हत्या और सबूत छिपाने से जुड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है और उसकी पहचान के लिए आगे की जानकारी और दूसरे ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने 8 अगस्त को हरमन कुमार को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जिसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

आरोपी ने शुरुआती पूछताछ में सच बताया पुलिस के मुताबिक, शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मृतक के साथ शराब पी रहा था और इसी दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया। आरोपी ने कथित तौर पर कबूल किया है कि मृतक की मौत ज़्यादा शराब पीने की वजह से हुई।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बटाला।** हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 अगस्त को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बटाला के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में पूरे उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एसडीएम बटाला सारंगप्रीत सिंह ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर तहसीलदार बटाला अर्जन सिंह ग्रेवाल और कॉलेज के प्रधानाचार्य दविंदर सिंह भट्टी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समारोह में आने वाले लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था, मैदान की तैयारी, स्वच्छ पेयजल और वाहनों की पार्किंग के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को समारोह स्थल सहित शहर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समारोह स्थल पर स्वास्थ्य टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। एसडीएम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद पुलिस जवान, पंजाब होमगार्ड और एनसीसी कैडेट शानदार मार्च पास्ट करेंगे। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भी बैंड के साथ मार्च पास्ट में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं पंजाबी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## ग्लाडा की संपत्तियों की ई-नीलामी को लेकर बैठक, तैयारियों पर हुई चर्चा

**लुधियाना।** ग्लाडा कार्यालय में ग्लाडा की विभिन्न संपत्तियों की आगामी ई-नीलामी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में ई-नीलामी की तैयारियों और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्रेडाई के प्रतिनिधियों, संपत्ति संघों के प्रतिनिधियों तथा ग्लाडा के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। क्रेडाई और संपत्ति संघों के प्रतिनिधियों ने आगामी ई-नीलामी को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव लिखित रूप में अधिकारियों को सौंपे। ग्लाडा के मुख्य प्रशासक ने बताया कि ग्लाडा की विभिन्न संपत्तियों, जिनमें वाणिज्यिक चंक साइट, एससीओ बूथ, दुकानें और आवासीय भूखंड शामिल हैं, की बिक्री के लिए जल्द ही ई-नीलामी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी, जिससे आम लोगों और निवेशकों को संपत्तियां खरीदने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से शहरी विकास को गति मिलने के साथ ही लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

# महिला लक्ष्मी योजना के विरोध करने पर आप विधायक अजय दत्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

## महिलाओं के सम्मान, अधिकार और आर्थिक सशक्तिकरण की मांग को लेकर आवाज़ की बुलंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं के सम्मान, अधिकार एवं आर्थिक सशक्तिकरण के मुद्दे को लेकर क्षेत्र की महिला जनसमूह द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली सरकार की प्रस्तावित 'लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं को ?2,500 की आर्थिक सहायता दिए जाने के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा विधानसभा में वॉकआउट किये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। सैंकड़ों महिलाओं ने इस दौरान विधायक अजय दत्त के कार्यालय के बाहर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया और सरकार से महिलाओं के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने वाली योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। ऐसे में यदि किसी स्तर पर इस योजना का विरोध किया गया है। तो महिलाओं के बीच इसको लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महिलाओं को सम्मान, अधिकार और आर्थिक आत्मनिर्भरता देने के मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लिया जाना चाहिए।इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी मांगों को मजबूती से रखते हुए कहा कि दिल्ली की मातृशक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी आवाज आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में काफी उत्साह और आक्रोश देखने को मिला।कार्यक्रम में भाजपा मेहरौली जिला महामंत्री मनीषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र चौधरी, एमसीडी साउथ जोन डिप्टी चेयरमैन ममता यादव, विधानसभा प्रत्याशी खुशीराम चुनार, पुष्प विहार की पूर्व निगम पार्षद रेखा सांखला, मदनगीर की पूर्व प्रत्याशी मनीषा बैरवा, मदनगीर मंडल अध्यक्ष दिलीप देवतवाल, पुष्प विहार मंडल अध्यक्ष नरेश सांखला, खानपुर मंडल अध्यक्ष विशाल, अनुसूचित जाति मोर्चा मेहरौली जिला अध्यक्ष चंद्रपाल बैरवा, बीएलए -1 प्रेम शंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर उनकी आवाज को अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रदर्शनकारियों ने महिला हितों से जुड़े विषयों पर निरंतर जनजागरण और संघर्ष जारी रखने की बात कही।

# एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (रूरल डेवलपमेंट) ने फेरुमना गांव में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट का किया दौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अमृतसर।** गांवों को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अमृतसर के अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) सुरिंदर सिंह ने ब्लॉक रईया के अंतर्गत फेरुमना गांव में संचालित ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना का दौरा किया। उन्होंने मौके पर परियोजना की प्रगति और चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्राम पंचायत, ग्रामीणों और संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि ठोस कचरे के उचित प्रबंधन के लिए सबसे पहले घर के स्तर पर कचरे को अलग-अलग करना सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे गीला, सूखा, सैनिटरी तथा खतरनाक कचरा अलग-अलग रखें, ताकि उसका वैज्ञानिक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटान किया जा सके। उन्होंने कहा कि घरों से एकत्रित गीले कचरे को गांव में स्थापित ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना के गड्ढों में डाला जाए, जहां इसकी प्रक्रिया के बाद जैविक खाद तैयार की जा सकेगी। इससे कचरे की मात्रा कम करने के साथ ही उसे उपयोगी संसाधन में बदलने को बढ़ावा मिलेगा। सुरिंदर सिंह ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा पंचायत सचिव को ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना की चारदीवारी और कचरा पृथक्करण शेड का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे गीले और सूखे कचरे को अलग करने तथा आगे की प्रक्रिया के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के क्षेत्रीय कर्मचारियों और गांव में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को भी स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह गांव स्तर पर जागरूकता फैलाने और लोगों को कचरा अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर राउंड ग्लास फाउंडेशन के समन्वयक रेशम सिंह ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से गांव के प्रत्येक घर में कूड़ेदान उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि घर के स्तर पर गीले और सूखे कचरे को अलग रखा जा सके। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के लिए प्रोत्साहित करना और उचित कचरा प्रबंधन की आदत विकसित करना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने गांव में कार्यरत कचरा संग्रहकर्ता को निर्देश दिया कि घरों से कचरा एकत्र करते समय गीला, सूखा, सैनिटरी और खतरनाक कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि स्रोत स्तर पर कचरे को अलग करने से ही आगे की प्रक्रिया और निपटान व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने गांव के सरपंच करमजीत सिंह को ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की निगरानी के लिए गांव स्तर पर एक अलग समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति गांव में कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों की नियमित निगरानी करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय करेगी। ग्रामीणों और पंचायत को संबोधित करते हुए सुरिंदर सिंह ने कहा कि गांव को स्वच्छ रखना केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग भी जरूरी है। यदि प्रत्येक परिवार अपने घर से ही कचरे को अलग रखने और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कचरा देने की जिम्मेदारी निभाए, तो गांव की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है।

उन्होंने ग्रामीणों से खुले में कचरा नहीं फेंकने, घरों में कचरे का पृथक्करण करने और गांव को स्वच्छ रखने के लिए पंचायत एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव बेहतर पर्यावरण का प्रतीक होने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से भी सीधे जुड़ा है। इस अवसर पर रईया के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सरबजीत सिंह, पंचायत सचिव सुखपाल सिंह, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग की सीडीएस विभूति शर्मा, कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, राधिका, पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के क्षेत्रीय कर्मचारी सरवन सिंह मान सहित ग्रामीण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**होशियारपुर।** पंजाब के जेल एवं प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह 15 अगस्त को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। उपायुक्त आशिका जैन ने मंगलवार को पुलिस लाइन में नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि जिला स्तरीय समारोह देशभक्ति के जोश और उत्साह के साथ आयोजित किया जा सके। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान विभिन्न टुकड़ियां परेड और मार्च पास्ट में हिस्सा लेंगी, जबकि विभिन्न विभागों की झांकियां अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेंगी। उपायुक्त ने पुलिस अधिकारियों को यातायात एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा नगर निगम अधिकारियों को शहर में सजावट और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को पूर्ण वेशभूषा परेड का पूर्वाभ्यास होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राकेश कुमार मीणा सहित नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## प्राचीन शिव मंदिर में कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर

**मैलानी-खीरी।** श्रावण मास के चलते देश के विभिन्न क्षेत्रों में कथा का आयोजन किया जा रहा है और भक्त जन कथा सुन अपने को धन्य कर रहे हैं। जिसके चलते मैलानी और आस पास के मंदिरों,गांवों और क्षेत्रों में कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्राचीन शिव मंदिर में भी आए व्यास जी अरविंद दीक्षित और उनकी टीम के द्वारा संगीतमय कथा को सुनकर भक्त जन भाव विभोर हुए।व्यास जी ने शिव पार्वती विवाह और मां सती की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।पूरा मंदिर प्रांगण हर हर महादेव और पार्वती पतये नमः के जयकारों से गूंज उठा।उसके बाद पत्रकार,भक्त तथा कथा व्यवस्थापक गोपाल सिंघल ने अति सुन्दर भजन सुनाया।कथा व्यवस्थापक उनके भाई ने भी आरती वंदन के बाद प्रसाद वितरण किया।वायस जी ने सभी भक्तों को बताया कि इस कथा का आयोजन 19 अगस्त 2026 तक होगा और दिन में प्रतिदिन 3 बजे से कथा का प्रारम्भ किया जाएगा।अतः सभी भक्त जन समय से उपस्थित हो कर कथा का श्रवण करें और अपने को धन्य करें।

# जिला चुनाव अधिकारी हिमांशु जैन ने राजनीतिक पार्टियों के साथ की मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी हिमांशु जैन ने आज अपने ऑफिस में स्पेशल इन-डेप्थ रिवीजन (SIR)-2026 के बारे में मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर लुधियाना ने मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि वोटर लिस्ट के स्पेशल इन-डेप्थ रिवीजन का पहला फेज़ पूरा हो गया है और अब वोटर लिस्ट का शुरुआती पब्लिकेशन 13 अगस्त को होगा। वोटर्स के लिए क्लेम और ऑब्जेक्शन फाइल करने का समय 13 अगस्त से 12 सितंबर तक तय किया गया है, जबकि मिले क्लेम और ऑब्जेक्शन के निपटारे और नोटिस जारी करने की तारीख 13 अगस्त से 8 अक्टूबर तक तय की गई है। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रोसेस पूरी होने के बाद, वोटर लिस्ट का फाइनल पब्लिकेशन 12 अक्टूबर को किया जाएगा। हिमांशु जैन ने कहा कि पॉलिटिकल पार्टियों को फोटो वाली और बिना फोटो वाली वोटर लिस्ट की सॉफ्ट कॉपी भी दी जाएगी ताकि वे वोटर्स की एंट्री में अगर कोई गलती हो, तो उसे संबंधित एरिया में काम कर रहे बूथ लेवल एजेंट की मदद से दूर करवा सकें। यह ड्राफ्ट रोल NIC की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा, जहां से कोई भी नागरिक अपने से जुड़ी डिटेल्स चेक कर सकता है। मीटिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर ने गिनती के फॉर्म के डिजिटाइज़ेशन प्रोसेस में डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन को सपोर्ट करने के लिए पॉलिटिकल पार्टियों को भी खास तौर पर धन्यवाद दिया।

## हत्यारोपी के मुठभेड़ में घायल होने के बाद परिजनों ने पुलिस की सराहना की

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** विगत दिनो पूर्व मे नीमगांव थाना क्षेत्र में दलित युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस कार्रवाई के दौरान कथित हत्यारोपी के मुठभेड़ में घायल होने के बाद मृतका के परिजनों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की। मृतका के परिजनों व सैकडों ग्रामीणो ने नीमगांव थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार गौतम और बेहजम चौकी प्रभारी संदीप यादव व सिकंदराबाद चौकी प्रभारी राम गौरव की कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाए व उनका माल्यार्पण कर उनकी इस कार्य के लिये भूरि भूरि प्रशंसा की, इस दौरान परिजनों और समर्थकों ने पुलिस अधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत कर उनकी मंगल कामना की।

# दक्षिण असम की दो सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमिः** दक्षिण असम में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से करीमगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद कृपानाथ माल्लाह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा से दो महत्वपूर्ण मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सांसद माल्लाह ने केंद्रीय मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि इन दोनों मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने की घोषणा 29 जनवरी 2017 को गुवाहाटी में सरायघाट पुल से संबंधित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि घोषणा के बावजूद इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अपेक्षित गति नहीं मिल पाई है। ये हैं प्रस्तावित दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग पहला मार्गः बदरपुरघाट-अंगलाबाजार-दुल्लभछड़ा- जामुआंग-मामित मार्ग, जो दक्षिण असम को मिजोरम से जोड़ता है। दूसरा मार्गः सिलचर-असम विश्वविद्यालय- द्वयारबंद-मोनाछड़ा-आर.के. नगर-कनाईबाजार मार्ग, जो पुराने NH-8 (पूर्व NH-yy) से जुड़ता है। सांसद माल्लाह ने कहा कि दक्षिण असम के इन महत्वपूर्ण इलाकों में बेहतर और सुगम सड़क संपर्क की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है। दोनों मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किए जाने से आवागमन तेज और सुगम होगा तथा व्यापार, उद्योग और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। जनता की मांग को प्राथमिकता देने का आग्रह लोकप्रिय सांसद ने केंद्रीय राज्यमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग तथा दोनों मार्गों के रणनीतिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए आवश्यक फंड जल्द जारी किया जाए। साथ ही, राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में इन मार्गों के विकास की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि दोनों परियोजनाओं के पूरा होने से दक्षिण असम के साथ-साथ पड़ोसी क्षेत्रों और मिजोरम के बीच सड़क संपर्क और मजबूत होगा। इससे क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ रोजगार, निवेश और समग्र विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी। सांसद माल्लाह ने कहा कि केंद्र सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में सड़क एवं परिवहन अवसंरचना को मजबूत करने पर लगातार जोर दे रही है। ऐसे में दक्षिण असम की इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को भी प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाया जाना जनहित में महत्वपूर्ण होगा।